तापमान

अधिकतम 31.4 डिग्री

न्यूनतम 16.6 डिग्री

# हरिभूमि बालोद भूमि

रायपुर, मंगलवार 9 सितंबर 2025

[ बालोद | अर्जुंदा | गुंडरदेही | देवरी बंगला | डौंडीलोहारा | डौंडी | अंडा | गुरूर | दल्लीराजहरा | कलंगपुर | लाटाबोड़ ]

14 गुंडरदेही में डे नाईट कबड्डी प्रतियोगिता का आयोजन किया



13 चरखे की गूंज, विधायक प्रतिनिधि पारम्परिक ...



# सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना किसानों के लिए बना वरदान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद

केन्द्र सरकार द्वारा हितग्राहियों एवं आम नागरिकों के लिए कम खर्च में बेहतर विद्युत व्यवस्था उपलब्ध कराने की –ष्टि से शुरू की गई प्रधानमंत्री सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना केन्द्र सरकार की मंशानुरूप हितग्राहियों एवं आम नागरिको के लिए अत्यंत कारगर एवं बहुउपयोगी साबित हो रहा है।

■ सोलर पैनल से घर में मिली सस्ती व निर्बाध बिजली

इस योजना के फलस्वरूप केन्द्र एवं राज्य शासन के सहयोग से बहुत ही कम लागत में अपने घर में 03 किलोवॉट का सोलर प्लेट लगाने के पश्चात बहुत ही कम खर्च में बेहतर सुविधा मिलने से प्रधानमंत्री सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना किसान बसंत लाल साहू के लिए अत्यंत किफायती एवं फायदेमंद साबित हो रहा है। किसान बसंत लाल ने बताया कि प्रधानमंत्री सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना के अंतर्गत अपने घर में सोलर प्लेट लगाने के पूर्व परपंरागत माध्यम से बिजली के उपयोग करने पर सोलर प्लेट की तुलना में बहुत अधिक लागत आता था। लेकिन अपने घर में सोलर प्लेट लगाने के बाद उसे बहुत ही कम खर्च में बेहतर विद्युत सुविधा प्राप्त हो रहा है। किसान बसंत लाल साहू ने बताया कि वे एवं उनका परिवार खेती, किसानी के माध्यम से जीवन यापन करने वाले ▶▶| शेष पेज 12 पर

## केंद्र-राज्य सरकार की मदद से किसान को मिली सौर ऊर्जा सुविधा



### केन्द्र सरकार जनहितैषी : किसान बसंत लाल

उन्होंने बताया कि सोलर प्लेट लगाने हेतु कुल 01 लाख 40 हजार रूपये की राशि जमा किया था। इस कार्य के लिए उन्हें केन्द्र सरकार द्वारा कुल 78 हजार रूपये एवं राज्य सरकार के द्वारा 30 हजार रूपये का अनुदान भी प्रदान किया गया है। आज उनके घर में सोलर प्लेट लगने से पंखा, कूलर के उपयोग एवं पेयजल आपूर्ति तथा समुचित मात्र में प्रकाश व्यवस्था हेतु पर्याप्त एवं निर्बाध विद्युत आपूर्ति सुनिश्चित हो रही है। किसान बसंत लाल साहू ने कहा कि इस तरह से केन्द्र सरकार के जनहितैषी योजना के फलस्वरूप उनके घर में सोलर प्लेट लगने से उसे बहुत ही कम खर्च में बेहतर एवं कारगर विद्युत सुविधा प्राप्त हो रही है।

## खबर संक्षेप

### दो पक्षों में मारपीट, दोनों ने दर्ज कराई रिपोर्ट

**बालोद।** दो पक्षो में गाली गलौज व मारपीट कें बाद दोनो ही पक्ष ने एक दूसरे के खिलाफ थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई है। जिसके बाद पुलिस दोनो पक्षों के खिलाफ धारा 115(2), 296, 351(3) के तहत दोनो मामले दर्ज कर लिए है। पहले पक्षकार ग्राम जगन्नाथपुर निवासी ढालेश्वर देशमुख ने पुलिस को बताया कि शाम 06.30 बजे गणेश विसर्जन झांकी देखकर वापस अपने घर आ रहा था, कुलेश्वर देशमुख के घर के पास पहुंचा था, उसी समय गांव के मानेन्द्र कुमार साहू मुझे आवाज देकर अपने पास बुलाया, तब मैं गया तो पुरानी बात को लेकर मानेन्द्र कुमार साहू मुझे गाली गलौज करते हुये धमकी देते हुये हाथ मुक्का कर अपने हाथ में पहने चुड़ा से मारा जिसस मेरे सिर में चोट आकर खुन निकला है। दूसरे पक्षकार ग्राम जगन्नाथपुर निवासी मानेन्द्र कुमार साहू ने पुलिस को बताया कि शाम 06.30 बजे कुलेश्वर देशमुख के घर के पास अपने दोस्त के साथ बैठे थे उसी समय गांव के ढालेश्वर देशमुख आया और शराब के नशे में होने के कारण ढालेश्वर के साथ वाद विवाद होने लगे, तब ढालेश्वर गाली गलौज करते हुये, धमकी देते हुये हाथ मुक्का से मारपीट करने लगा, मारपीट करने से मेरे सिर, बाएं गाल, आंख के पास चोट आकर दर्द है।

### आईटीआई में 10 को प्लेसमेंट कैंप

**बालोद।** शासकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्था गुण्डरदेही मे 10 सितंबर को प्लेसमेंट कैंप का आयोजन किया जाएगा। शासकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्था गुण्डरदेही के प्राचार्य ने बताया कि कॉसमॉस मैन पावर प्राइवेट लिमिटेड गुजरात द्वारा 100 से अधिक पदों के लिए प्लेसमेंट कैंप का आयोजन 10 सितंबर को सुबह 10 बजे से किया गया जाएगा। उन्होंने बताया कि प्लेसमेंट कैंप में 12वीं एवं किसी भी ट्रेड से आईटीआई उत्तीर्ण अभ्यर्थी अपने समस्त शैक्षणिक एवं तकनीकी तथा अन्य आवश्यक प्रमाण–पत्र के साथ शामिल होकर अवसर का लाभ प्राप्त कर सकते हैं।

### मेघदूत एप से मिलेगी प्राकृतिक आपदा की जानकारी

**बालोद।** भारत सरकार द्वारा बाढ़, आकाशीय बिजली, वनीय आग, लू–तापघात आदि जैसे प्राकृतिक आपदाओं की पूर्व चेतावनी सचेत, दामिनी, मेघदूत एप से प्राप्त की जा सकती है। अपर कलेक्टर ने बताया कि जनसामान्य को पूर्व चेतावनी प्रदान करने सचेत, दामिनी एवं मेघदूत एप विकसित किए गए हैं। इसके साथ ही आपदा के समय जनसामान्य की सहायता एवं बचाव हेतु आपदा टोल फ्री नंबर 1070 जारी किया गया है। उन्होंने पुलिस, नगर सेना, जिला एवं तहसील स्तर के अधिकारियों–कर्मचारियों के साथ–साथ ग्राम पंचायत स्तर पर पटवारी, सरपंच, सचिव, शिक्षक, आशा कार्यकर्ता एवं जनसामान्य आदि के मोबाईल में सचेत, दामिनी एवं मेघदूत एप का उपयोग करने के साथ ही आपदा टोल फ्री नंबर 1070 के प्रचार–प्रसार करने को कहा है।

### दो बाइक में टक्कर पर एफआईआर दर्ज

**बालोद।** एक मोटर सायकिल को एक अन्य मोटर सायकिल ने टक्कर मार दी, जिसके बाद पीड़ित द्वारा मोटर सायकल चालक के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई गई है। जिसमे पुलिस द्वारा 184 एलके, 125(एं), 281 के तहत रिपोर्ट दर्ज कर लिया है। ग्राम तालगांव निवासी हीरामन सिंह ठाकुर ने पुलिस को बताया कि 06 सितंबर को अपने स्कुटी क्रमांक सीजी 24 वी 2741 से एलआईसी आफिस बालोद आया था। कार्य पूर्ण पश्चात अपने घर वापस जा रहा था दोपहर 03.30 बजे घोटिया चौंक झलमला मेनरोड़ के पास पहुंचा था, उसी समय ▶▶| शेष पेज 12 पर

**दहशत**

### हाईवा रिवर्स कर चालक ने बचायी जान, वन विभाग ने ग्रामीणों को किया अलर्ट

# दल्ली राजहरा-महामाया माइंस मार्ग पर दंतैल हाथी की धमक





हरिभूमि न्यूज ▶▶| दल्ली राजहरा

दल्ली राजहरा-महामाया माइंस रोड पर सोमवार सुबह एक दंतैल हाथी दिखाई दिया। सामने से हाथी को अपनी ओर आता देख हाईवा चालक घबरा गया।

हाथी ट्रक के पास तक पहुंच गया था, लेकिन समय रहते चालक ने ट्रक को रिवर्स कर अपनी जान बचाई। राहगीरों ने इस दृश्य को मोबाइल कैमरे में कैद कर लिया। यह घटना दल्ली राजहरा वन परिक्षेत्र बोइरडीह पंपहाउस के पास की है। हाथी की मौजूदगी से इलाके में दहशत का माहौल है।



जानकारी के अनुसार हाथी नलकसा और कुमुड़कट्टा से होते हुए बोइरडीह साइड की ओर बढ़ा है। फिलहाल दल्ली राजहरा वन परिक्षेत्र के बोइरडीह पंपहाउस के पास देखा गया है। बालोद वनमंडल ने जानकारी दी कि सोमवार की सुबह 8.45 बजे एक हाथी कक्ष क्रमांक आरएफ-143 में मौजूद था। फिलहाल जनहानि की कोई सूचना नहीं है, हालांकि किसानों की फसलों को नुकसान हुआ है। हाथी गोटुलमुंडा बैरियर से भी क्रॉस हुआ है।

#### कई गांवों में अलर्ट जारी

वन विभाग ने दल्लीराजहरा परिक्षेत्र के कई गांवों को अलर्ट पर रखा है, जिनमें मलकुंवर, आड़ेझर, हिड़कापार, चिखली, जमरूआ, साल्हे, कोकान, टेकाधोड़ा, हाथीगोर्रा, खल्लारी, अड़जाल, पुततरवाही, दारुटोला, सिंगहनवाही, अरमुरकसा, खम्हरटोला, घोटिया, पटेली और मंगलतराई शामिल हैं।

#### ग्रामीणों से अपील

वन विभाग ने ग्रामीणों से अपील की है कि वे जंगल की ओर न जाएं और रात के समय जंगल रास्तों से सफर करने से बचें। साथ ही, हाथी दिखने पर तुरंत नजदीकी वनकर्मियों या अधिकारियों को सूचना दें।

#### गांवों में कराई गई मुनादी

ग्रामीणों की सुरक्षा को लेकर गांवों में मुनादी कराई गई है और वन विभाग की टीम लगाई गई है।

अभिषेक अग्रवाल, जिला वनमंडाधिकारी

## युवक पर कच्ची दीवार गिरी इलाज के दौरान मौत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद

बहन के ईलाज के संबंध में अपने चाचा के घर पहुंचा युवक सुबह नाश्ता कर टहलने निकला, लेकिन रास्ते में कच्चा दिवाल युवक के उपर गिरने के कारण ईलाज के दौरान युवक की मौत हो गई।



मिली जानकारी के अनुसार गुण्डरदेही थाना क्षेत्र के ग्राम चैनगंज की है जहां राजनांदगांव जिले के डोंगरगांव थाना क्षेत्र के ग्राम कोकपुर विनय कुमार चंदनिया 31 वर्श अपनी बहन के ईलाज के संबंध में चैनगंज पहुंचा हुआ था। जहां 4 सितंबर को नाश्ता करने के बाद करीब 11 बजे टहलने के लिए युवक निकला था। इसी दौरान बारिश से भीगा एक कच्चा दीवार अचानक ढह गया। जिसकी चपेट में आने से युवक का सिर सड़क के बगल बने कॉन्क्रीट की नाली पर जा लगा और सिर फट गया। जिसे बाद आस पास मौजूद लोगो के द्वारा इसकी जानकारी परिजनो को दी गई, जहां परिजनो द्वारा आनन फानन में युवक को अस्पताल पहुंचाया गया। वहां से उसे बेहतर इलाज के लिए निजी अस्पताल रेफर किया गया। लेकिन दो दिनों तक जिंदगी और मौत से जूझने के बाद शनिवार सुबह युवक की मौत हो गई। युवक का अंतिम संस्कार कोकपुर गांव में किया गया है।

### युवक से मारपीट, तीन आरोपियों पर मामला दर्ज

**बालोद।** गणेश विसर्जन के दौरान दो पक्षो में हो रही लड़ाई को छुड़ाने गए युवक से मारपीट कर दिया, जिसके बाद पीड़ित युवक ने तीन लोगों के खिलाफ थाने मे रिपोर्ट दर्ज कराई है। जिसमे पुलिस ने तीन लोगों के खिलाफ धारा 115(2), 296, 3(5), 351(3) बीएनएस के तहत रिपोर्ट दर्ज कर लिया है। ग्राम रानीतराई निवासी रूपेश कुमार निर्मलकर ने पुलिस को बताया कि 07 सितंबर के रात्रि 08.00 बजे कोटवार के घर के सामने गणेश विसर्जन झांकी पहुंचा था, उसी समय गांव के टिकेश्वर मसिया एवं यश कुमार झगड़ा हो रहे थे, जिसे बीच बचाव करने के लिये दोनो को अलग किया, तब टिकेश्वर मसिया, हरीश मण्डावी एवं चंदन साहू तीनो ने मिलकर गालियां देते हुये जान से मारने की धमकी देते हुये तीनो हाथ मुक्का से मारपीट करने लगे तथा मारपीट के दौरान हरीश मण्डावी के हाथ में पहने चुड़ा से मारने से मेरे सिर में चोट लगा है।

## मायके से पत्नी नहीं लौटी तो नाराज पति ने फूंक दी स्कूटी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद

छत्तीसगढ़ में तीज का त्योहार मनाने के लिए मायके आई एक महिला ने पति के लगातार गाली-गलौज और झगड़ों से तंग आकर ससुराल जाने से मना कर दिया। इससे नाराज पति ने महिला के मायके आकर जमकर हंगामा किया और घर के सामने खड़ी उसकी स्कूटी में आग लगा दी। इस घटना के बाद महिला ने अपने पति के खिलाफ थाने में शिकायत दर्ज कराई है, जिस पर पुलिस ने मामला दर्ज कर लिया है।

■ पत्नी ने पति के खिलाफ दर्ज कराई रिपोर्ट

दुर्ग जिले के ग्राम उमरपोटी (बटरेल) की निवासी नीलम साहू 32 ने पुलिस को बताया कि वह अपने तीन बच्चों के साथ 26 अक्टूबर को तीज मनाने अपने मायके बोदल आई थी। महिला का आरोप है कि उसका पति, परदेशी राम साहू 36 अक्सर बेवजह झगड़ा करता है और गाली-गलौज करता है। 6 सितंबर को उसके पति ने फोन कर वापस लेने आने की बात कही। नीलम ने गांव के बुजुर्गों को साथ लेकर आने की शर्त रखी, जिससे नाराज होकर पति ने उसे फोन पर ही गाली दी। 7 सितंबर की सुबह, परदेशी राम बोदल में नीलम के घर पहुंचा और उसे वापस चलने के लिए कहा। जब नीलम ने फिर से बुजुर्गों को साथ लाने की बात दोहराई, तो पति ने उसे गाली दी और जान से मारने की धमकी भी दी। इसके बाद परदेशी राम ने अपनी बेटी रेनूका साहू 14 से उसकी इलेक्ट्रिक स्कूटी क्रमांक सीजी 07 सी 7580 बाहर लाने को कहा। जब बेटी ने स्कूटी दी, तो उसने उसमें पेट्रोल और पैरा डालकर आग लगा दी और उसे पूरी तरह से जला दिया। इस घटना के बाद, नीलम साहू की शिकायत पर पुलिस ने आरोपी पति परदेशी राम साहू के खिलाफ आईपीसी की संबंधित धाराओं धारा 296, 326(एफ), 351(3) बीएनएस के तहत मामला दर्ज कर जांच कर रही है।

### अज्ञात व्यक्ति ने जलाई युवती की स्कूटी, पुलिस जांच में जुटी

**बालोद।** शहर के वार्ड 19 बूढ़ापारा में एक युवती की स्कूटी को अज्ञात व्यक्ति ने आग लगाकर जला दिया। युवती की शिकायत पर पुलिस ने मामला दर्ज कर लिया है और आरोपी की तलाश में जुटी है। बूढ़ापारा निवासी रति सोनकर जो बीए अंतिम वर्ष की छात्रा हैं ने पुलिस को बताया कि उन्होंने साल 2022 में फाइनेंस पर एक स्कूटी क्रमांक सीजी 24 एस 5626 खरीदी थी। 7 सितंबर को वह रोज की तरह सुबह 7 बजे अपनी स्कूटी को घर के सामने खड़ी कर हैंडल लॉक करके रायपुर चली गईं। रात करीब 8 बजे जब वह वापस लौटीं, तो स्कूटी अपनी जगह पर खड़ी थी। अगले दिन यानी 8 सितंबर की सुबह लगभग 4 बजे उनकी मां दुलारी बाई सोनकर ने जब दरवाजा खोला तो देखा कि स्कूटी जलकर पूरी तरह से राख हो चुकी थी। उन्होंने तुरंत अपनी बेटी को जगाकर घटना की जानकारी दी। रति सोनकर ने बाहर आकर देखा तो पाया कि उनकी स्कूटी को किसी अज्ञात व्यक्ति ने जानबूझकर आग लगा दी थी। रति सोनकर की शिकायत पर पुलिस ने अज्ञात व्यक्ति के खिलाफ धारा 326 एफ के तहत मामला दर्ज कर लिया है। पुलिस अब आसपास के सीसीटीवी फुटेज खंगाल रही है और मामले की जांच कर रही है, ताकि आरोपी को जल्द से जल्द पकड़ा जा सके।

## बाइक दुर्घटनाग्रस्त, घायलों को उपसरपंच ने पहुंचाया अस्पताल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद

गणेश विसर्जन के बाद चाय पीने निकले एक उपसरपंच ने मानवता की मिसाल पेश की। उन्होंने सड़क किनारे दुर्घटनाग्रस्त पड़े एक ही परिवार के तीन लोगों की मदद की और उन्हें तुरंत अस्पताल पहुंचाया। बाद में उपसरपंच की शिकायत पर बोलेरो वाहन चालक के खिलाफ पुलिस में मामला दर्ज किया है।

बालोद जिले के ग्राम हरणसिंघी के उपसरपंच होमेंद्र कुमार भिंगज 33 ने पुलिस को बताया कि 7 सितंबर को दोपहर करीब 2.30 बजे वे अपने दो दोस्तों के साथ गणेश विसर्जन के बाद हरणसिंघी चौक पर चाय पीने गए थे। वहां उन्होंने देखा कि बाइक सवार तीन लोग सड़क पर गिरे हुए थे। उपसरपंच ने तुरंत उनके पास जाकर हालचाल पूछा। बाइक चला रहे प्रेम कोठारी 28 ने बताया कि वे अपनी पत्नी शांति कोठारी 26 और बुआ उषा कोठारी 36 के साथ हरणसिंघी से माहका जा रहे थे। तभी राहूद की तरफ से आ रही एक सफेद रंग की बोलेरो क्रमांक सीजी 04 एयू 6264 के चालक ने लापरवाही से गाड़ी चलाते हुए उनकी बाइक क्रमांक सीजी 07 एफ 9027 को टक्कर मार दी।

इस टक्कर से तीनों बाइक सवार सड़क पर गिर गए। प्रेम कोठारी के दोनों पैरों में, उनकी पत्नी शांति कोठारी के बाएं पैर में और बुआ उषा कोठारी के माथे पर चोटें आईं। उपसरपंच होमेंद्र भिंगज ने तत्काल उन्हें अस्पताल पहुंचाने में मदद की। दुर्घटना के बाद बोलेरो का टायर फट गया और वह परसाही रोड पर जाकर रुक गई। उपसरपंच की रिपोर्ट के आधार पर पुलिस ने बोलेरो चालक के खिलाफ 184, 125(ए) और 281 बीएनएस के तहत मामला दर्ज कर लिया है और आगे की कार्रवाई कर रही है। उपसरपंच की त्वरित कार्रवाई और मदद की गांव में सराहना हो रही है।

## राजहरा परिवहन संघ ने की मुख्यमंत्री से मुलाकात



हरिभूमि न्यूज ▶▶| दल्लीराजहरा

राजहरा परिवहन संघ का प्रतिनिधि मण्डल भाजपा प्रवक्ता देवलाल ठाकुर के नेतृत्व में मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय से उनके आवास में मिला और अपनी वर्षों पुरानी मांगों का आवेदन सौंपा।

■ 22 साल पुरानी मांगों के निराकरण की पहल की सीएम से अपील

संघ ने मुख्यमंत्री को बताया कि पिछले 20–22 वर्षों से दल्लीराजहरा नगर स्थित बीएसपी अधीनस्थ आईओसी खानों से निकलने वाले लौह अयस्क का 35 प्रतिशत परिवहन कार्य राजहरा परिवहन संघ के मालवाहकों को दिया जाता रहा है। इसी परंपरा को बरकरार रखते हुए हितकसा में बने नए पैलेट प्लांट से तैयार पैलेट का परिवहन कार्य भी संघ को आनुपातिक रूप से दिए जाने की मांग की गई। परिवहन संघ के सदस्यों ने कहा कि मालवाहक वाहनों से कार्य शुरू होने पर स्थानीय लोगों को प्रत्यक्ष और परोक्ष रूप से रोजगार के अवसर मिलेंगे, साथ ही व्यवसाय से जुड़े अन्य क्षेत्र भी लाभान्वित होंगे और नगर के विकास की नई राह खुलेगी। मुख्यमंत्री ने आवेदन को ध्यानपूर्वक सुनते हुए संबंधित अधिकारियों से चर्चा कर समाधान निकालने का आश्वासन दिया। इस मौके पर परिवहन संघ से अतिंदर सिंह संधू, इंद्रजीत सिंह तुली, परविंदर सिंह ▶▶| शेष पेज 12 पर

### 20 वर्ष में पूर्ण पेंशन का प्रावधान लागू करने की मांग की

# शिक्षक एलबी संवर्ग ने शिक्षा मंत्री के समक्ष रखी लंबित मांगें

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद

छत्तीसगढ़ टीचर्स एसोसिएशन ने शिक्षक एलबी संवर्ग के शिक्षकों की वर्षों से लंबित समस्याओं को सामने रखते हुए स्कूल शिक्षा मंत्री गजेंद्र यादव से सर्किट हाउस दुर्ग में मुलाकात की। जिलाध्यक्ष दिलीप साहू ने बताया कि शिक्षक एलबी संवर्ग के निम्न मांगों के निराकरण हेतु ज्ञापन देते हुआ कहा कि पेंशन निर्धारण हेतु सेवा अवधि की गणना संविलियन 1 जुलाई 2018 से करने के कारण 2028 के पूर्व सेवानिवृत होने वाले एलबी संवर्ग के शिक्षकों को पुरानी पेंशन का लाभ नहीं मिल रहा है।



अतः पूर्व सेवा (प्रथम नियुक्ति) अवधि की गणना करते हुए समस्त शिक्षक एल बी संवर्ग के लिए पुरानी पेंशन निर्धारित किया जाए। भारत सरकार द्वारा 2 सितंबर 2008 को जारी 20 वर्ष में पूर्ण पेंशन के आदेश के समान छत्तीसगढ़ में भी 33 वर्ष के स्थान पर 20 वर्ष में पूर्ण पेंशन का प्रावधान किया जाए। उच्च न्यायालय बिलासपुर द्वारा याचिका में डबल बैंच द्वारा पारित निर्णय के तहत सभी पात्र एल बी संवर्ग के शिक्षकों के लिए क्रमोन्नति, समयमान का विभागीय जनरल आर्डर जारी किया जाए। ई संवर्ग के प्राचार्य पदोन्नति का पोस्टिंग शीघ्र किया जाए, उच्च न्यायालय सिंगल बैंच के सुरक्षित निर्णय पर उचित पहल किया जाए। प्राचार्य के वर्तमान में रिक्त सभी पदों के आधार पर पदोन्नति दिया जावे। व्याख्याता, पूर्व माध्यमिक, प्राथमिक प्रधान पाठक व शिक्षक के रिक्त पदों पर पदोन्नति हेतु निर्देश जारी किया जावे। टेट उत्तीर्ण करने के संबंध में सुप्रीम कोर्ट द्वारा पारित निर्णय के अनुक्रम में शिक्षकों के लंबे अनुभव के आधार पर शिक्षकों को टेट से मुक्त रखने का निर्णय लिया जाए। व्याख्याता पदोन्नति में बीएड-डीएड प्रशिक्षित शिक्षकों को समान लाभ दिया जाये। सीजीपीएफ में जमा राशि से आंशिक अंतिम विकर्षण (पार्टफाइनल) व अस्थायी अग्रिम आहरण की सुविधा दिया जावे। संचालनालय पेंशन एवं भविष्य निधि द्वारा छत्तीसगढ़ सामान्य भविष्य निधि लेखा विवरण में एरियर की राशि को जमा में काउंट नहीं किया जा रहा है, जिसके कारण अंत शेष में कम राशि जमा दिखा रहा है। छत्तीसगढ़ सामान्य भविष्य निधि लेखा विवरण में एरियर की राशि को भी काउंट किया जावे।

## सार समाचार

### सिन्हा कलार समाज की बैठक आयोजित

**राजनांदगांव।** लाल बहादुर नगर मंडल परिक्षेत्र कुम्हड़ाटोला में सिन्हा कलार समाज की आवश्यक बैठक का आयोजन किया गया था। बैठक में



समाज के वरिष्ठ रामभरोसा सिन्हा को एलबी नगर तहसील मंडल कलार समाज का संरक्षक बनाया गया। जिसमें जिलाध्यक्ष शिवशंकर डड़सेना, जिला महामंत्री गंगाराम सिन्हा, जिला कोषाध्यक्ष पूनम सिन्हा, महिला मंच जिलाध्यक्ष निर्मला जितेंद सिन्हा, एलबी नगर मंडल मंडलेश्वर उत्तम सिन्हा, सचिव रेवाराम सिन्हा, कोषाध्यक्ष राकेश सिन्हा, महिला मंच अध्यक्ष पुष्पा सिन्हा, डोंगरगांव मंडलेश्वर भागवत सिन्हा, राजनांदगाव शहर मंडल नाथूराम सिन्हा, राजनांदगाव ग्रामीण मंडल प्यारेलाल सिन्हा, डोंगरगढ़ मंडल सचिव हेमराज सिन्हा, कोषाध्यक्ष मनोहर डड़सेना एवं पदाधिकारीगण व समस्त स्वजातीय बंधुओं ने रामभरोसा सिन्हा को लाल बहादुर नगर मंडल कलार समाज के संरक्षक पद मनोनीत होने पर बधाई दी।

### बालाजी मंदिर में शेड निर्माण का भूमिपूजन

**राजनांदगांव।** स्टेशनपारा वार्ड नंबर 11 स्थित बालाजी मंदिर परिसर में शेड निर्माण कार्य की शुरूआत विधिवत भूमिपूजन के साथ की गई।



भूमिपूजन के तत्काल बाद निर्माण कार्य भी शुरू कर दिया गया।

इस मौके पर पूर्व महापौर हेमा देशमुख, पूर्व युवा आयोग अध्यक्ष जितेन्द्र मुदलियार, प्रदेश कांग्रेस प्रवक्ता रूपेश दुबे और शहर उत्तर ब्लॉक कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष आसिफ अली मौजूद रहे। पार्षद छोटेलाल रामटेके और मंदिर समिति के संयुक्त प्रयास से यह कार्य प्रारंभ हुआ। भूमिपूजन कार्यक्रम में जय मुदलियार, श्रीकांत मुदलियार, श्रीनिवास राव, योगेश मुदलियार, विशाल गढ़े, मिलिंद रेड्डी, शरद यादव, घनश्याम विश्वकर्मा, देवेन्द्र साहू, इंद्राणी यादव, देवकी यादव, रूबी साहू, लता यादव, चंद्र साहू, गायत्री साहू, किरण साहू, जितेन्द्र साहू, बाबा यादव समेत वार्ड के अनेक नागरिक उपस्थित रहे। कार्यक्रम में उपस्थित गणमान्यजनों ने निर्माण कार्य के शीघ्र पूर्ण होने की कामना की और सहयोग का आश्वासन भी दिया।

### डोगेंद्र का एमबीबीएस में चयन

**राजनांदगांव।** ग्राम डोम्हाटोला निवासी डोगेंद्र साहू ने एमबीबीएस में चयनित होकर क्षेत्र का नाम रोशन किया है। श्री चंदूलाल चंद्राकर मेडिकल



कॉलेज में एमबीबीएस पाठ्यक्रम में प्रवेश पाने वाले डोगेंद्र ने 487 अंक प्राप्त किए हैं। उनकी इस उपलब्धि से न केवल उनका परिवार, बल्कि समूचा क्षेत्र गौरवांवित हुआ है। डोगेंद्र साहू ग्राम डोम्हाटोला के कृषक रेखालाल साहू एवं द्रौपती साहू के पुत्र हैं। प्रारंभ से ही पढ़ाई में रूचि रखने वाले डोगेंद्र ने कठिन परिश्रम और दृढ़ संकल्प से यह मुकाम हासिल किया है। उनकी इस सफलता पर पूर्व विधायक भुनेश्वर बघेल उनके निवास पहुंचे और डोगेंद्र को शुभकामनाएं दी। बघेल ने कहा कि एक किसान परिवार से आने वाला छात्र द्वारा मेडिकल क्षेत्र में प्रवेश प्राप्त करना संपूर्ण क्षेत्र के लिए गौरव की बात है। यह उपलब्धि अन्य विद्यार्थियों के लिए भी प्रेरणादायक है।

### मुस्लिम समाज के जुलूस का भव्य स्वागत

**राजनांदगांव।** संस्कारधानी के नवयुवक गणेश मंडल गुड़ाखू लाइन राजनांदगांव के 93 वर्ष में गणेश पंडाल पर विभिन्न आयोजन किया गया।



गणेश चतुर्थी को रात्रि सुंदरकांड का पाठ (गणेश मिश्रा द्वारा) का आयोजन किया गया। साथ ही मुस्लिम समाज द्वारा मोहम्मद पैगम्बर साहब के जन्मदिन पर निकाले गए जुलूस में शामिल मुस्लिम भाईयों का पुष्पा वर्षा कर शुभकामनाएं दी। सभी आयोजनों में नवयुवक गणेश मंडल के कार्यकारिणी सदस्यों प्रकाश बैद, विपला चौहान, किशोर विश्वकर्मा, संतू विश्वकर्मा, संजय वाडेकर, राजू माथुरिया, गोपाल चौरसिया, शिशिर महाराज, बंटी गुप्ता, महेश उत्तलवार, हर्ष वर्मा, प्रवेश चौहान, पप्पू माथुरिया, योगेश पांडेय, रिंक्कू कसार, संजू कसार, गोली कसार, सौरभ विश्वकर्मा, मोनू विश्वकर्मा, शिवा देवांगन, अंकित विश्वकर्मा, नरेन्द जय बजाज उपस्थित थे। उक्त जानकारी नवयुवक मंडल के सदस्य रितेश यादव ने दी।

### सेवा पखवाड़ा, आज कार्यशाला

**राजनांदगांव।** भारतीय जनता पार्टी द्वारा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिन के अवसर पर सेवा पखवाड़े के तहत 17 सितंबर से 2 अक्टूबर तक विभिन्न कार्यक्रमों के लिए एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया है। जिसमें मुख्य वक्ता के रूप में प्रदेश महामंत्री यशवंत जैन शामिल होंगे। भाजपा जिलाध्यक्ष कोमल सिंह राजपूत ने बताया कि सेवा पखवाड़े के तहत स्वास्थ्य, स्वच्छता और जनहित में अनेक कार्यक्रमों का आयोजन होना है। मंडल स्तर पर कार्यक्रमों की श्रृंखला और स्थान तथा दिनांक तय करने हेतु एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन जिला भाजपा कार्यालय में 9 सितंबर को सुबह 11 बजे आहूत किया गया है।

### 4 पर प्रतिबंधात्मक कार्रवाई

**राजनांदगांव।** डोंगरगढ़ क्षेत्र में श्रीगणेश विसर्जन झांकी के दौरान शांति भंग करने वाले 4 के विरूद्ध पुलिस ने प्रतिबंधात्मक कार्रवाई की है। गणेश विर्सजन के दौरान आम जनता के साथ वाद-विवाद एवं लड़ाई-झगड़ा करने वाले 4 के विरूद्ध प्रतिबंधात्मक कार्रवाई कर जेल भेजा गया।

# पुलिस की ताबड़तोड़ कार्रवाई, माहभर में 279 गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

लगातार त्योहारों के चलते पुलिस की ताबड़तोड़ कार्रवाई अभियान जारी है। माहभर में असामाजिक तत्व, अवैध रूप से शराब बिक्री सहित अन्य आपराधिक गतिविधियों में कार्रवाई की गई। जिसके चलते श्रीगणेश विसर्जन के दौरान शांति व्यवस्था बनी रही।

शहर में गणेश विसर्जन झांकी के दौरान शांति व्यवस्था बनाए रखने मोहित गर्ग पुलिस अधीक्षक द्वारा गणेश समितियों के पदाधिकारी, गणमान्य नागरिक, जनप्रतिनिधि एवं व्यवसायियों सहित शांति समिति का मीटिंग लेकर गणेश पर्व के दौरान सहयोग करने एवं डीजे साउंड सिस्टम संचालकों को सुप्रीम कोर्ट, हाईकोर्ट द्वारा जारी गाईड लाइन का पालन करने अपील की गई थी।

## श्रीगणेश विसर्जन पर रही शांति व्यवस्था

### विसर्जन के दौरान 36 पकडे गए

गणेश विसर्जन झांकी के दौरान सायबर सेल की 5 टीम सिविल कपड़ों में शहर में घूम-घूम कर आसामाजिक तत्वों पर नजर रख रही थी, जो विसर्जन झांकी के दौरान भीड़ में धारदार चाकू, नशीले पदार्थ रखने वाले या पाकेटमारी, चेन स्कैचिंग करने के लिए घूमने वाले अपराधियों की पहचान कर उनकी लगातार चेकिंग कर रही थी। 6 सितंबर के दरम्यानी रात्रि को ही सायबर सेल की सिविल टीम एवं थाना के सहयोग से 39 बदमशों को पकड़ा। जिसमें से 3 आरोपियों के विरूद्ध आर्म्स एक्ट के तहत कार्रवाई की गई एवं 36 आरोपियों के विरूद्ध विरूद्ध 151 जाफौ (170/126,135(3)) प्रतिबंधात्मक धाराओं के तहत कार्रवाई कर उन्हें जेल भेजा गया।

### बदमाशों के खिलाफ कार्रवाई

पुलिस अधीक्षक मोहित गर्ग के निर्देश पर गणेश पर्व व विसर्जन झांकी को देखते हुए विगत एक माह से असामाजिक तत्वों, गुण्डा बदमाशों एवं नशेडियों के खिलाफ लगातार कार्रवाई की गई। आपराधिक प्रवृत्ति के बदमाशों के खिलाफ 25 आर्म्स एक्ट तथा 151 जाफौ (170/126,135(3)) भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता के तहत प्रतिबंधात्मक कार्रवाई कर उन्हें जेल भेजा गया।

### अलग-अलग मामलों में कार्रवाई

शहर की वर्षों पुरानी परम्परा गणेश विर्सजन झांकी को शांतिपूर्ण ढंग से संचालित करने के लिए जिले में विगत 1 माह में धारा 25, 27 आर्म्स एक्ट के तहत 26 प्रकरण में 27 आरोपियों के कब्जे से धारदार चाकू बरामद कर उन्हें गिरफ्तार कर जेल भेजा गया। एनडीपीएस एक्ट के तहत 1 प्रकरण में 2 आरोपियों के कब्जे से 0.56 ग्राम गांजा कीमती 6300 रुपए जब्त कर आरोपी को गिरफ्तार कर जेल भेजा गया। अवैध शराब मामले में आबकारी एक्ट के तहत कुल 177 प्रकरण में 182 आरोपियों के विरूद्ध कार्रवाई की गई। जिसमें 34(2) आबकारी एक्ट के तहत 15 प्रकरण में 18 आरोपियों के कब्जे से 1131 पौवा देशी शराब कीमती 81080 रुपए व बिक्री रकम 2640 रुपए, 127 पौवा अंग्रेजी शराब कीमती 12820 रुपए व बिक्री रकम 710 रुपए, 35 लीटर महुआ शराब कीमती 7000 रुपए बिक्री रकम 7040 रुपए बरामद किया गया तथा 34(1) आबकारी एक्ट के तहत 30 प्रकरण में 30 आरोपियों के कब्जे से 546 पौवा देशी शराब कीमती 47870 रुपए व बिक्री रकम 6590 रुपए एवं 66 पौवा अंग्रेजी शराब कीमती 7440 रुपए व बिक्री रकम 1480 रुपए, 28 लीटर महुआ शराब कीमती 850 रुपए बरामद कर जब्त किया गया एवं आरोपियों को जेल भेजा गया। इसके अतिरिक्त 36(च) आबकारी एक्ट के तहत 68 प्रकरण में 69 आरोपी एवं 36(सी) के तहत 66 प्रकरण में 67 आरोपियों के विरूद्ध कार्रवाई की गई। इसके अलावा अपराध में अंकुश लगाने हेतु गुंडा-बदमाश, निगरानी बदमाश, आदतन अपराधियों और असामाजिक तत्वों की लगातार चेकिंग करते 224 प्रकरणों में 279 आरोपियों के विरूद्ध 151 जाफौ (170/126,135(3)) प्रतिबंधात्मक धाराओं के तहत कार्रवाई की गई।

## मांग पूरी नहीं होने तक जारी रहेगा आंदोलन

# मितानिनों ने घेरा सीएमएचओ कार्यालय

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

अपनी तीन सूत्रीय मांगों को पूरा करने बीते 7 अगस्त से अनिश्चितकालीन हड़ताल कर रही मितानिनों ने आज बड़ी संख्या में सीएमएचओ कार्यालय का घेराव करते प्रदेश सरकार के खिलाफ हल्ला बोला।

मितानिनों ने कहा कि प्रदेश सरकार ने अपने घोषणा पत्र में मोदी की गारंटी के तहत मितानिन, मितानिन प्रशिक्षण और ब्लॉक समन्वयकों को 50 प्रतिशत वृद्धि के हिसाब से किया जाना था, लेकिन अपनी घोषणा के अनुसार उन्होंने यह मांगे पूरी नहीं की।

इसके अलावा मोदी की गारंटी के तहत मितानिन कर्मचारियों को एनएचएम में संविलियन किया जाए।



### मिशन आयुक्त के नाम ज्ञापन

जिला मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी के माध्यम से मिशन आयुक्त, उप संचालक राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के नाम दिए गए ज्ञापन में कहा गया है कि मितानिन, मितानिन प्रशिक्षक, ब्लॉक समन्वयक, हैल्पडेस्क फैसिलिटेटर शासन से अपनी मांगों को लेकर हड़ताल में हैं। वहीं मिशन द्वारा लेटर जारी कर अनाधिकृत पद स्वस्थ्य पंचायत समन्वयक से मितानिन प्रशिक्षकों के क्षतिपूर्ति भुगतान का सत्यापन करने आदेश जारी किया गया है, जो न्याय संगत नहीं है।

### कार्य हो रहा प्रभावित

मितानिन संघ की जिला अध्यक्ष प्रमिला ने कहा कि सरकार ने हमसे संविलियन का वादा किया है, जो उसे पूरा करना चाहिए। वहीं उन्होंने कहा कि मितानिन एनजीओ के माध्यम से कार्य नहीं करेंगे। उन्होंने बताया कि जिलेभर में लगभग 2500 मितानिन कार्यकर्ता है। जिनके हड़ताल पर जाने से गर्भवती माता का टीकाकरण, डिलीवरी, बुजुर्गों की देखभाल, टीकाकरण, माता एवं शिशु मृत्यु दर के मामले, टीवी के मरीज, कुष्ठ रोग का कार्य प्रभावित हो रहा है।

### प्रदेश सरकार के खिलाफ नारेबाजी

अपनी मांगों को लेकर सीएमएचओ कार्यालय परिसर में मितानिनों ने प्रदेश सरकार के खिलाफ जमकर नारेबाजी की। इस दौरान उन्होंने मुख्यमंत्री और स्वास्थ्य मंत्री से मोदी की गारंटी पत्र में किए गए वादे को पूरा करने मांग की।

## सीटी स्कैन मशीन खरीदी में कांग्रेस ने की जांच की मांग

**राजनांदगांव।** मेडिकल कॉलेज अस्पताल में सीटी स्कैन मशीन खरीदी में भ्रष्टाचार का आरोप लगाते हुए शहर जिला कांग्रेस कमेटी द्वारा कलेक्टर को राज्यपाल के नाम ज्ञापन सौंपकर सिटी स्कैन मशीन खरीदी के दस्तावेज उपलब्ध कराने एवं खरीदी में हुए भ्रष्टाचार की निष्पक्षतापूर्वक जांच करने की मांग की है। शहर जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष कुलबीर सिंह छाबड़ा ने कहा कि कांग्रेस सरकार के समय पेन्ड्री मेडिकल कॉलेज अस्पताल में सिटी स्कैन मशीन के लिए दो करोड़ रुपए की सौगात दी गई थी। उन्होंने आरोप लगाते हुए कहा कि राज्य में वर्तमान भाजपा सरकार आने के बाद सिटी स्कैन मशीन नहीं खरीदकर स्थानीय प्राइवेट सिटी स्कैन मशीन वाले अस्पताल के साथ साझेदारी की गई। मरीज को प्राइवेट अस्पतालों में जांच के लिए जाने मजबूर किया गया। सीटी स्कैन मेडिसिन खरीदी में भारी अनियमितता के तहत खरीदी में एकमात्र टेंडर भरने के बावजूद उन्हें दिया गया।

# तुलसीपुर बौद्ध विहार में बनेगा सामाजिक भवन

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

वार्ड नं. 16 तुलसीपुर बौद्ध विहार में सामाजिक भवन निर्माण के लिए महापौर मधुसूदन यादव ने नगर निगम अध्यक्ष टोपेन्द्र सिंह तथा सामाजिक बंधुओं व पार्षदों की उपस्थिति में शुक्रवार को भूमिपूजन किया।

उन्होंने कहा कि बौद्ध समाज की मांग पर अधोसंरचना मद अंतर्गत 10 लाख रुपए की लागत से सामाजिक भवन निर्माण के लिए भूमिपूजन किया जा रहा है।

उन्होंने कहा कि बाबा साहब डॉ. भीमराव आम्बेडकर के बताए मार्गों पर चलकर बौद्ध समाज भी बहुत आगे बढ़ गया है। समाज के



पदाधिकारी एवं वरिष्ठ लोग समाज के निम्न वर्ग के व्यक्ति की चिंता कर उन्हें आगे बढ़ाने का कार्य करें, तभी समाज की सार्थकता है। उन्होंने कहा कि पूर्व मुख्यमंत्री एवं विधायक डॉ. रमन सिंह एवं सांसद संतोष पांडे ने विभिन्न समाज के भवन निर्माण के लिए सममय-समय पर राशि स्वीकृत किए हैं, उनकी सोच कि शहर में मूलभूत सुवधिा के अलावा समाज की आवश्यकतओं की पूर्ति करना है।

अध्यक्ष पारस वर्मा ने कहा कि भवन का निर्माण बहुत जल्द किया जाएग। जिससे समाज को इसका लाभ मिल सके। कार्यक्रम में भूमिपूजन के पूर्व समाज के बसंत मेश्राम, भजन मेश्राम, अशोक मेश्राम, सुनील मेश्राम, हेमेन्द्र आम्बादे, नरेश घोडेसवार, दीप रामटेके, हर्ष भावे, लक्ष्मण भीमटे, राहुल श्यामकर, पायल मेश्राम, तुलसाबाई रामटेके, लीलाबाई रामटेके, रेखा बोरकर, अंजु रामटेके, जयश्री खोब्रागढे, लक्ष्मी गोंडाने, प्रियंका श्यामकर, भारती मेश्राम, मीना रामटेके ने अतिथियों का स्वागत किया। इस अवसर पर उप अभियंता तिलक राज ध्रुव सहित सामाजिक बंधु उपस्थित थे।

## हटाए गए दुकानदारों के व्यवस्थापन की मांग, बैंडमिंटन कोर्ट निर्माण रोकने ज्ञापन

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

शहर के फ्लाई ओवर के नीचे वर्षों से ठेले खोमचे लगाकर व्यवसाय करने वालों को नगर निगम द्वारा अतिक्रमण के नाम पर हटा दिया गया। जिसके बाद उनके सामने रोजी-रोटी की समस्या है। कांग्रेस कमेटी द्वारा इन फुटकर व्यवसायियों के व्यवस्थापन की मांग को लेकर शहर कांग्रेस अध्यक्ष कुलबीर सिंह छाबड़ा के नेतृत्व में नगर निगम आयुक्त को यहां के प्रभावितों ने ज्ञापन सौंपा है। कांग्रेस ने निगम आयुक्त अतुल विश्वकर्मा को ज्ञापन सौंपकर तत्काल फुटकर व्यवसायियों को पुनस्थापित करने की मांग की।

शहर कांग्रेस अध्यक्ष कुलबीर सिंह छाबड़ा ने कहा कि राष्ट्रीय राजमार्ग फ्लाई ओवर के नीचे वर्षों से फुटकर व्यवसायियों चाय-ठेले, चॉट-ठेले, गाड़ियों की रिपेरिंग कर अपने परिवार का पालन-पोषण कर रहे थे। सत्ताधारी नेताओं द्वारा प्रशासन पर दबाव बनाते अतिक्रमण हटाओ अभियान चलाकर इन फुटकर व्यवसायियों पर बुलडोजर चलवाकर इनकी दुकानदारी छीन ली गई। जबकि दुकानदार नियम के तहत नगर निगम में किराये का शुल्क पटा रहे थे। उन्हें रसीद भी दिया जा रहा था तो यह अतिक्रमण कहां से हुआ। उन्होंने कहा कि ये छोटे व्यवसायी लगभग डेढ़-दो माह से बेरोजगार हो गए हैं। जिसके कारण उन व्यवसायियों को अपने परिवार का पालन-पोषण करने में दिक्कतें आ रही है।

### दुकान लगाने की मांग

नगर निगम कार्यालय पहुंचे प्रभावित दुकानदारों ने कहा कि वह कई वर्षों से इस जगह पर दुकानदारी कर रहे थे और नगर निगम को किराया भी पटा रहे थे। दुकानदारों ने मांग की है कि उन्हें उसी जगह पर दुकान लगाने की अनुमति दी जाए। यदि अन्य जगहों पर व्यवस्थापन दिया जाता है तो उनका व्यापार प्रभावित होगा, क्योंकि उनके ग्राहक जमे हुए हैं। उन्होंने कहा कि लगभग डेढ़ महीने से उनकी आर्थिक स्थिति ठीक नहीं है।

### नियम विरुद्ध निर्माण

अपने ज्ञापन के माध्यम से कांग्रेस ने कहा कि एक तरफ नेशनल हाईवे पर अतिक्रमण बात कर दुकानदारों को हटाया गया है। वहीं दूसरी तरफ राष्ट्रीय राजमार्ग के नीचे नियम विरूद्ध निर्माण कर बैडमिंटन कोर्ट बनाया जा रहा है। जिसमें राष्ट्रीय राजमार्ग से अनुमति नहीं ली गई और बिना भूमि अधिग्रहित किए निर्माण कार्य शुरू किया गया है, जो नियम विरूद्ध और आर्थिक अनियमितता है।

# प्रतिनिधि मंडल ने विस अध्यक्ष से की मुलाकात

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

आज पदोन्नति में आरक्षण एवं अन्य 10 संवैधानिक मुद्दों पर राज्य सरकार द्वारा त्वरित अनुसूचित जाति, जनजाति समाज के हित में निर्णय लेने सामाजिक एवं अधिकारी-कर्मचारी संगठनों के प्रतिनिधि विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन को पदोन्नति में आरक्षण मामले में अनुच्छेद 16(4) ए सहपठित अनुच्छेद 335 एवं सुप्रीम कोर्ट के अंतरिम राहत के परिपालन में निर्णय लेने उनके कार्यालय रायपुर में मिलकर बात रखी है।

प्रतिनिधि मंडल ने कहा कि अनुसूचित जाति एवं जनजाति वर्ग के हितों से संबंधित प्रावधानों का क्रियान्वयन करने में राज्य सरकार द्वारा लेटलतीफी की जा रही है। विगत डेढ़ वर्ष से हम शासन एवं प्रशासन से बातचीत कर रहे हैं। 11



जून को इस संबंध में 40 से 50 हजार अनुसूचित जाति, जनजाति वर्ग के सामाजिक एवं कर्मचारी संगठन शामिल हुए। यदि राज्य की सरकार संविधान का सम्मान करती है तो अनुच्छेद 16(4)ए एवं 335 का अविलंब परिपालन करें। राज्य की भाजपा सरकार आरक्षण को रोककर रखी है। यदि राज्य सरकार संविधान को मानती है और अनुसूचित जाति, जनजाति वर्ग के संवैधानिक अधिकार के प्रति संवेदनशील है तो अविलंब बीजेपी सरकार पदोन्नति में आरक्षण बहाल करवाए। राजनांदगांव सहित राज्यभर के अनुसूचित जाति, जनजाति वर्ग के लोगों में छत्तीसगढ़ सरकार के कार्यशैली से नाराज चल रहे हैं। नाराजगी के चलते कभी भी समाज, कर्मचारी संगठन मिलकर उग्र आंदोलन कर सकते हैं। लगातार सरकार से समाज, कर्मचारियों द्वारा छत्तीसगढ़ के तमाम मंत्री, अधिकारी के समक्ष अपनी बातों को रखती आ रही है। इसी बातों को लेकर विधानसभा अध्यक्ष के समक्ष रखी गई। प्रतिनिधित मंडल का नेतृत्व डॉ. रेखा मेश्राम बौद्ध समाज राजनादगांव ने किया। प्रतिनिधि मंडल में विनोद कुमार कोशले, लेखराम मात्रा, देवलाल भारती, अश्वनी बंजारा, प्रह्लाद ठाकुर, ईश्वर चंद्रवशी शामिल थे।

## पेज 11 के शेष

### सूर्य घर मुफ्त बिजली .....

निम्न मध्यमवर्गीय कृषक परिवार से संबंध रखते है। उन्होंने कहा कि अपने घर में प्रधानमंत्री सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना अंतर्गत सोलर पैनल लगाने के पूर्व उनके परिवार को विद्युत आपूर्ति के लिए केवल परपंरागत माध्यम पर ही आश्रित रहना पड़ता था। लेकिन विद्युत विभाग के अधिकारियों के द्वारा केन्द्र सरकार द्वारा शुरू की गई प्रधानमंत्री सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना के संबंध में जानकारी देने के पश्चात उन्होंने कार्यपालन अभियंता विद्युत वितरण कंपनी बालोद में पहुँचकर अपने घर में सोलर पैनल लगाने के लिए आवेदन जमा किया था। इसके पश्चात विद्युत विभाग के अधिकारी–कर्मचारियों के त्वरित कार्रवाई के फलस्वरूप 03 मार्च को उनके घर में सोलर पैनल लग गया।

### राजहरा परिवहन संघ ...

छतवाल, मनोज दुबे उपाध्यक्ष, नगर पालिका दल्लीराजहरा, अनिल सुथार, अशोक लोहिया, संजीव सिंह, राजू संधू, रंजीत, गुरमेज सिंह रंधावा और बंटी मिश्रा उपस्थित रहे।

### मोटरसाइकिल टक्कर ...

विपरीत दिशा से आ रही मोटर सायकल क्रमांक सीजी 05 एई 1038 के चालक द्वारा अपने मोटर सायकल को तेज एवं लापरवाही पूर्वक तथा खतरनाक ढंग से चलाते लाकर मेरे स्कुटी के सामने को ठोकर मारकर एक्सीडेन्ट कर दिया, जिससे मैं नीचे गिर गया। गिरने से मेरे दाहिने हाथ की कलाई, अंगुठा एवं कोहनी के पास हल्का चोट आया है तथा स्कुटी क्षतिग्रस्त हो गया है। घटना के बाद मैं अपने घर चला गया। जिसमे 07 सितंबर को मोटर सायकल क्रमांक सीजी 05 एई 1038 के चालक के विरूद्ध रिपोर्ट करने अपने भतीजा जितेन्द्र सोरी के साथ आया।

# सनग्रुप ने पुलिस विभाग को सौंपा ब्रीथ एनालाइजर

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह एवं पुलिस अधीक्षक मोहित गर्ग की प्रेरणा से सड़क सुरक्षा और जनहित को ध्यान में रखते सनग्रुप ने पुलिस विभाग राजनांदगांव को अत्याधुनिक ब्रीथ एनालाइजर (श्वांस विश्लेशक उपकरण) प्रदान किए। इन उपकरणों के वितरण का उद्देश शराब पीकर वाहन चलाने की घटनाओं को कम करना और यातायात नियमों के प्रभावी क्रियान्वयन में सहायता करना है।

सनग्रुप द्वारा प्रदान किए गए यह ब्रीथ एनालाइजर नवीनतम तकनीक से लैस है, जो त्वरित और विश्वसनीय परिणाम देने में सक्षम है। ये उपकरण विशेष रूप से सड़क पर तैनात पुलिस बलों के लिए बेहद उपयोगी सिद्ध होंगे। सनग्रुप के चेयरमेन सुनील अग्रवाल ने कहा कि हम समाज की सुरक्षा में अपना योगदान देने प्रतिबद्ध हैं। पुलिस विभाग को ये उपकरण प्रदान कर हम उनकी जिम्मेदारियों को तकनीकी रूप से सशक्त बनाना चाहते हैं। सनग्रुप



द्वारा किया गया यह सहयोग एक सकारात्मक पहल है। सनग्रुप के चेयरमेन सुनील अग्रवाल एवं डायरेक्टर अमित जैन द्वारा यह ब्रीथ एनालाइजर डॉ. रमन सिंह की उपस्थिति में पुलिस अधीक्षक मोहित गर्ग को प्रदान किया गया। इस अवसर पर एएसपी राहुल शर्मा एवं अन्य अधिकारी उपस्थित थे।

# एनबीआईएस में मना शिक्षक दिवस

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

नीरज बाजपेयी इंटरनेशनल स्कूल बोरी में सर्वपल्ली डॉ. राधाकृष्णन के जन्मदिन शिक्षक दिवस पर बच्चों द्वारा शिक्षकों के सम्मान में कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की शुरूआत मां सरस्वती व राधाकृष्णन के तैलचित्र पर दीप प्रज्जवलन कर माल्यार्पण किया गया।

शाला के बच्चों द्वारा शिक्षकों को रेट्रो मेट्रो थीम दिया गया था। जिसमें शिक्षक पुराने अभिनेता व अभिनेत्री के रूप धरकर कार्यक्रम में शामिल हुए। बच्चों द्वारा नाटक, गीत व संगीत की खूबसूरत प्रस्तुति दी गई। शिक्षकों के मनोरंजन के लिए विभिन्न खेलों का आयोजन किया गया था। जिसमें पुरस्कार



वितरण भी किया गया। शाला के डायरेक्टर नीरज बाजपेयी ने शिक्षकों को शिक्षक दिवस की शुभकामनाएं दी। शैक्षणिक सत्र 2024-25 में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले शिक्षकों को डायरेक्टर नीरज बाजपेयी द्वारा स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर शाला की डायरेक्टर सोनल बाजपेयी, कुंतल बाजपेयी, प्राचार्य एकता गांधी, एडमिन नितिन चौहान, शिक्षक, कार्यालय कर्मचारी व बच्चे उपस्थित थे।

**खबर संक्षेप**

### कलेक्टर की अध्यक्षता में सहकारी विकास समिति बैठक आज

**बालोद।** कलेक्टर दिव्या उमेश मिश्रा की अध्यक्षता में जिला सहकारी विकास समिति बैठक आज को संयुक्त जिला कार्यालय के सभाकक्ष में आयोजित की गई है। उप पंजीयक एवं संयोजक सदस्य जिला सहकारी विकास समिति ने बताया कि प्रदेश में सहकारी आंदोलन को मजबूती प्रदान करने एवं उसकी जमीनी स्तर तक पहुंच बनाने हेतु राज्य शासन द्वारा जिला सहकारी विकास समिति का गठन किया गया है। जिसकी पंचम बैठक आज समय–सीमा की बैठक के पश्चात संयुक्त जिला कार्यालय के सभाकक्ष में आयोजित की गई है। उक्त बैठक में संबंधितों को अनिवार्य रूप से उपस्थित होने की अपील की है।

### आवासीय विद्यालय में प्रवेश के लिए प्रतीक्षा सूची जारी

**बालोद।** नवीन प्रयास आवासीय विद्यालय जिला राजनांदगांव, बलरामपुर एवं बिलासपुर में सत्र 2025–26 की कक्षा 9वीं में प्रवेश हेतु विद्यार्थियों की चतुर्थ वर्गवार मेरिट एवं प्रतीक्षा सूची जारी कर दी गई है। सहायक आयुक्त आदिवासी विकास विभाग बालोद ने बताया कि कक्षा 9वीं में प्रवेश हेतु विद्यार्थियों की प्रतीक्षा सूची का अवलोकन वेबसाईट पर किया जा सकता है। इसके साथ ही प्रवेश हेतु चतुर्थ प्रतीक्षा सूची में दर्शित विद्यार्थियों के लिए काउंसिलिंग का समय एवं स्थान भी निर्धारित कर दिया गया है। इसके अंतर्गत अनुसूचित जनजाति एवं विशेष रूप से कमजोर जनजाति समूह बालक, अनुसूचित जनजाति एवं विशेष रूप से कमजोर जनजाति समूह बालिका तथा अनुसूचित जाति बालक–बालिका की काउंसिलिंग 12 सितंबर तथा अन्य पिछड़ा वर्ग बालक एवं बालिका तथा सामान्य वर्ग बालक एवं बालिका हेतु 13 सितंबर को सुबह 10 बजे से शाम 5 बजे तक प्रयास बालक आवासीय विद्यालय सड्डू उरकुरा रायुपर में किया जाएगा। उन्होंने बताया कि मेरिट सूची में दर्शित विद्यार्थी काउंसिलिंग हेतु निर्धारित तिथि, समय एवं स्थान में अनिवार्य दस्तावेजों सहित उपस्थित हो सकते हैं।

### खेलगांव खम्हरिया के 10 खिलाड़ी राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में लेंगे हिस्सा

**भिलाई।** क्रीड़ा भारती क्रीड़ा केंद्र खेलगांव खम्हरिया के 10 खिलाड़ी बिलासपुर बहतराई अंतर्राष्ट्रीय एथलेटिक्स स्टेडियम में आयोजित राज्य स्तरीय एथलेटिक्स प्रतियोगिता में भाग लेने रवाना हुए। भाग लेने वालों में 14 वर्ष बालक आयु वर्ग में 1 ट्रायथलान सी- 60 मीटर, 600 मी, लंबी कूद 2 किड्स जेवलिन में तेजस साहू खम्हरिया लोकेन्द्र प्रसाद साहू धनोरा, 14 वर्ष बालिका आयु वर्ग में गीतिका ठाकुर खम्हरिया, अनन्या पटेल खम्हरिया, आदित्य देशमुख धनोरा, 16 वर्ष आयु वर्ग में 60 मीटर, लंबी कूद में हर्ष सपहा हनोदा, रामावतार साहू धनोरा, 18 वर्ष आयु वर्ग में रौनक चंदेल हनोदा सौ मीटर, लंबी कूद, 20 वर्ष आयु वर्ग 3 हजार मीटर, 5 हजार मीटर में आकाश साहू खम्हरिया, सूरज साहू सौ मीटर, 2 सौ मीटर में भाग लेंगे।

छत्तीसगढ़ झेरिया यादव समाज के विशाल अभिनंदन समारोह में शामिल हुए शिक्षा मंत्री

# सरकार की योजनाओं से जुड़ें और अपने भविष्य को उज्ज्वल बनाएं : मंत्री गजेन्द्र

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई

स्कूल शिक्षा मंत्री गजेन्द्र यादव रविवार को रिसाली दशहरा मैदान भिलाई में आयोजित छत्तीसगढ़ झेरिया यादव समाज के विशाल अभिनंदन समारोह में शामिल हुए। मंत्री श्री यादव के पहुंचने पर समाज की पारंपरिक टोली ने नाचते-गाते हुए उनका जोरदार स्वागत किया। समारोह में मंत्री को विशेष पारंपरिक वेशभूषा पहनाई गई और उनके हाथ में सजी हुई लाठी भी भेंट की गई, जो यादव समाज की सांस्कृतिक पहचान का प्रतीक है।

मंत्री यादव को विभिन्न जिलों से आए यादव समाज के गणमान्य लोगों ने माला पहनाकर स्वागत किया। स्कूल शिक्षा मंत्री यादव ने कहा कि समाज की एक बड़ी आबादी आज भी आर्थिक रूप से कमजोर है, जिसे आगे लाना है। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार ने आर्थिक स्थिति को सशक्त बनाने के लिए अनेक कल्याणकारी योजनाएं लागू की हैं। इन योजनाओं का लाभ लेकर यादव समाज के लोग आर्थिक रूप से आत्मनिर्भर बन सकते हैं और समाज को एक नई दिशा दे सकते हैं।

**मंत्री को विशेष पारंपरिक वेशभूषा पहनाई गई और उनको सजी हुई लाठी की भेंट**





#### बच्चों को करें शिक्षित

मंत्री यादव ने समाज के लोगों से आग्रह किया कि वे सरकार की योजनाओं से जुड़ें और अपने भविष्य को उज्ज्वल बनाएं। यदि परिवारों को समृद्ध बनाना है, तो बच्चों को अच्छी शिक्षा देना और उन्हें जागरूक बनाना आवश्यक है। उन्होंने यादव समाज के लोगों से अपील की कि वे अपने बच्चों को शिक्षित करें और सरकारी योजनाओं का अधिक से अधिक लाभ उठाएं। इससे न केवल परिवार का विकास होगा, बल्कि पूरे समाज का उत्थान भी सुनिश्चित किया जा सकेगा। इस अवसर पर मंत्री श्री यादव ने समाज के लिए विभिन्न स्थलों पर चार सामुदायिक भवनों के निर्माण हेतु प्रत्येक को 20-20 लाख रुपये देने की घोषणा की। इसके अतिरिक्त उन्होंने 5 लाख रुपये की स्वेच्छानुदान राशि देने की भी घोषणा की।

#### महिला छात्रावास के लिए 30 लाख की घोषणा

दुर्ग स्थित पचरीपारा में कोसरिया यादव समाज द्वारा आयोजित सम्मान समारोह में भी शामिल हुए। कार्यक्रम में उन्होंने यादव महिला छात्रावास के निर्माण के लिए 30 लाख रुपये देने की घोषणा की, जिससे समाज की छात्राओं को आवासीय सुविधा प्राप्त हो सकेगी। इसके साथ ही उन्होंने पाटन सरपंच की मांग पर



शासकीय प्राथमिक शाला परेवाडीह में संचालित विद्यालय के जीर्णोद्धार की भी घोषणा की, ताकि विद्यार्थियों को बेहतर शैक्षणिक वातावरण मिल सके। इस अवसर पर दुर्ग ग्रामीण विधायक ललित चंद्राकर, झेरिया यादव समाज प्रदेश अध्यक्ष जगनीक यादव, प्रदेश संरक्षक जगतराम यादव व सुकालु राम यदु, प्रदेश उपाध्यक्ष झेरिया यादव समाज भगत सिंह यादव, रिसाली पूर्व मंडल अध्यक्ष शैलेन्द्र शेन्डे, प्रदेश सचिव सुंदर लाल यादव सहित यादव समाज के जनप्रतिनिधि व बड़ी संख्या में नागरिक उपस्थित थे।

## चरखे की गूंज, विधायक प्रतिनिधि पारम्परिक व्यवसाय में जुटा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दल्लीराजहरा



आज के इस तेज़ रफ्तार और डिजिटल युग में जहां मशीनों ने इंसान की मेहनत को कहीं पीछे छोड़ दिया है, वहीं छत्तीसगढ़ कांग्रेस कमेटी के प्रतिनिधि एवं विधायक प्रतिनिधि रतिराम कोसमा परंपरा और आत्मनिर्भरता का संदेश देते हुए चरखे से सूत कातने का कार्य कर रहे हैं। रतिराम कोसमा द्वारा चरखे से सूत कातना सिर्फ एक क्रिया भर नहीं, बल्कि गांधीजी के स्वावलंबन और आत्मनिर्भर भारत के संदेश को आत्मसात करने का प्रेरणादायक प्रयास है। इस दृश्य को देख हर किसी के मन में गर्व और भावनात्मक जुड़ाव जागृत हो रहा है कि आज भी हमारी जड़ें जीवित हैं और परंपरा को सहेजने वाले लोग हमारे बीच मौजूद हैं। उन्होंने कहा कि चरखा हमारे देश की आत्मा है। यह सिर्फ कपड़ा बुनने का साधन नहीं, बल्कि स्वदेशी और आत्मनिर्भरता का प्रतीक है। आज के समय में जब हम आधुनिकता में उलझे हैं, चरखा हमें अपनी मिट्टी, अपनी संस्कृति और अपने इतिहास से जोड़ने का काम करता है। स्थानीय लोगों ने भी रतिराम कोसमा के इस प्रयास की सराहना करते हुए कहा कि यह प्रेरणा का स्रोत है। यह संदेश देता है कि परंपरा कभी पुरानी नहीं होती, बल्कि उसे जीवित रखने वाले हाथ ही असली राष्ट्र निर्माता होते हैं। चरखे की मधुर गूंज के साथ इस पहल ने न सिर्फ अतीत की याद दिलाई, बल्कि भविष्य के लिए एक संदेश भी दिया कि आधुनिकता में रहकर भी अपनी संस्कृति को संजोना ही असली प्रगति है।

■ आत्मनिर्भर भारत के संदेश को आत्मसात करने का प्रयास कर रहे

### ग्रामीण स्वास्थ्य संयोजक (महिला) की चयन एवं प्रतीक्षा सूची जारी

**बालोद।** ग्रामीण स्वास्थ्य संयोजक महिला की वर्गवार चयन एवं प्रतिक्षा सूची जारी कर दी गई है। मुख्य चिकित्सक एवं स्वास्थ्य अधिकारी ने बताया कि ग्रामीण स्वास्थ्य संयोजक महिला के दस्तावेज सत्यापन उपरांत अंतिम मेरिट सूची के अनुसार आरक्षण वर्गवार चयन एवं प्रतिक्षा सूची जारी कर दी गई है। उन्होंने बताया कि उक्त संबंध में अधिक जानकारी जिले के वेबसाईट पर अवलोकन किया जा सकता है।

## जहरीले जीव जंतुओं की सुरक्षा करने वाले गुरु के अंतिम दर्शन में उमड़ा पूरा गांव

**बालोद।** जिले का ऐसा गांव जहां गुरू की मृत्यु होने पर उसके शव को गाजे बाजे के साथ गांव में शवयात्रा निकाल कर अंतिम विदाई दी गई। इस शवयात्रा में न सिर्फ ग्राम के पुरुष के अलावा ग्राम के बच्चे, महिलाएं भी सम्मिलित होकर अपने गुरु को अंतिम विदाई दी। जहरीले जीव जंतुओं से सुरक्षा व उन्हें नुकसान न पहुंचाते हुए बचाव के साथ सुरक्षित स्थान में छोड़ने का गुण सीखाने वाले गुरु के मार्गदर्शन में चलने वाला तथा गुरु को सर्वोच्च मानने वाला ग्राम फूलझर में रविवार को उनके ग्राम के 6वें गुरु की मृत्यु होने पर ग्रामीणों द्वारा अपने गुरु को परंपरागत तरीके से अंतिम विदाई दी। इसमें ग्राम के 6वें गुरू बिहारी लाल यादव 85 वर्ष के निधन





होने की जानकारी पर ग्राम के लोग अपने काम छोड़कर तथा गांव का प्रत्येक व्यक्ति उनके घर पहुंचकर अंतिम दर्शन करते दिखे। इस दौरान अगर कोई गांव से बाहर काम से गया था, तो वह अपने काम को बीच में छोड़ गुरु के अंतिम विदाई कार्यक्रम में सम्मिलित होने पहुंचे। इस दौरान गुरु को अंतिम विदाई देने के लिए बड़ी संख्या में गांव के पुरुषों के साथ ग्राम की महिलाएं व बच्चे भी पहुंचे।

## जनजातीय कल्याण योजनाओं के क्रियान्वयन के लिए चार दिवसीय कार्यशाला का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद

आदि कर्मयोगी अभियान रेस्पोंसिव गवर्नेंस प्रोग्राम के तहत जनपद पंचायत डौण्डी के सभाकक्ष में मंगलवार 09 से शुक्रवार 12 सितंबर तक चार दिवसीय कार्यशाला सह प्रशिक्षण का आयोजन किया गया है।

उल्लेखनीय है कि इस कार्यशाला के माध्यम से आदि कर्मयोगी अभियान के अंतर्गत डौण्डी विकासखण्ड के कुल 66 गांवों में जनजातीय समाज के लोगों के कल्याण हेतु संचालित योजनाओं के सफल क्रियान्वयन सुनिश्चित करने के लिए चयनित मास्टर ट्रेनर्स को प्रशिक्षण प्रदान किया जाएगा।

जनपद पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी डीडी मण्डले ने बताया कि आदि कर्मयोगी अभियान आदिवासी बहुल डौण्डी विकासखण्ड के चयनित 66 गांवों में आदिवासी विकास योजनाओं के सफल क्रियान्वयन हेतु प्रत्येक गांवों से 20 वालंटियर्स का चयन किया गया है। इन वालंटियर्स में से 05 वालंटियर्स को मास्टर ट्रेनर्स बनाया गया है। ये सभी चयनित मास्टर ट्रेनर्स जनपद पंचायत सभाकक्ष में आयोजित प्रशिक्षण सह कार्यशाला में चयनित गांवों में जनजातीय गांवों में कल्याण हेतु संचालित योजनाओं के सफल क्रियान्वयन के बारिकियों की जानकारी प्राप्त करेंगे। जनपद पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी मण्डले ने बताया कि चयनित गांव के आदिवासी परिवार के लोगों को उनके कल्याण हेतु संचालित जनकल्याणकारी योजनाओं की लाभ की जानकारी प्रदान करने हेतु ग्राम पंचायत एवं सामुदायिक भवन का भी चयन कर लिया गया है।

## जिला विधिक सेवा प्राधिकरण ने कराया पैरालीगल वॉलेंटियर्स का प्रशिक्षण



हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद

राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण नई दिल्ली द्वारा संचालित योजनाओं के क्रियान्वयन एवं प्रचार–प्रसार हेतु तथा छत्तीसगढ़ राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा जारी स्टेट प्लॉन आफ एक्शन के अनुसार प्रधान जिला न्यायाधीश एवं अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण बालोद एस.एल.नवरत्न के मार्गदर्शन में आज सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण बालोद भारती कुलदीप द्वारा पैरालीगल वालिटियर्स का प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया।

सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण बालोद भारती कुलदीप द्वारा समस्त पैरालीगल वालिटियर्स को निर्देशित किया गया कि वे आम जनता और प्राधिकरण के बीच सेतु की भूमिका निभाएं व लोगों को विधिक सेवा की योजनाओं की जानकारी देने एवं 13 सितंबर 2025 को आगामी आयोजित होने वाली नेशनल लोक अदालत के संबंध डोर टू डोर प्रचार–प्रसार किये जाने हेतु निर्देशित किया गया है। उक्त प्रशिक्षण कार्यक्रम में बालोद जिले के समस्त पैरालीगल वालिटियर्स उपस्थित रहें।

## कुपोषित दो बच्चों को कलेक्टर ने लिया गोद

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद

कलेक्टर दिव्या उमेश मिश्रा ने जिले में चलाए जा रहे कुपोषण मुक्ति अभियान के अंतर्गत बालोद विकासखण्ड के ग्राम चिचबोड़ की कुमारी हिमांशी एवं ग्राम परसोदा की कुमारी तेजस्वी सहित दो कुपोषित बच्चों को गोद लेकर इन दोनों बच्चों को सुपोषण की श्रेणी में लाने समुचित देखभाल करने की जिम्मेदारी ली।

■ बच्चों को सुपोषण की श्रेणी में लाने समुचित देखभाल की जिम्मेदारी ली

कलेक्टर मिश्रा ने संयुक्त जिला कार्यालय स्थित अपने कक्ष में कुपोषित बच्चों एवं उनके परिजनों से भेंट की। इस दौरान कलेक्टर





मिश्रा ने इन दोनों बच्चों को गोद में लेकर स्नेहित दुलार देकर बिस्किट एवं टॉफी भी प्रदान किया। उल्लेखनीय है कि कुपोषित बच्ची हिमांशी की आयु ढाई वर्ष एवं तेजस्वी की आयु 4 वर्ष है। मिश्रा ने कुपोषित बच्चों के माताओं एवं उनके परिजनों को कुपोषित बच्चों को सामान्य श्रेणी में लाने हेतु इन बच्चों के खान–पान एवं उनके समुचित परवरिश के संबंध में भी आवश्यक जानकारी ली। जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी सुनील चंद्रवंशी द्वारा भी कुपोषित बालक पुष्पराज एवं प्रिंस ठाकुर को गोद लेकर उन्हें कुपोषण मुक्त बनाने हेतु उनकी समुचित देखभाल करने की जिम्मेदारी ली गई है। जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी सुनील चंद्रवंशी द्वारा गोद लिए गए कुपोषित बालक पुष्पराज की आयु 3 वर्ष एवं प्रिंस ठाकुर की आयु डेढ़ वर्ष है।

**सेवा पखवाड़ा पर जिला भाजपा ने आयोजित की कार्यशाला**

# सेवा सप्ताह में हर कार्यकर्ता दे योगदान : चुन्नीलाल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दुर्ग

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्म दिवस के अवसर पर भारतीय जनता पार्टी के द्वारा राष्ट्रीय एवं प्रदेश नेतृत्व के निर्देशानुसार सेवा पखवाड़ा के रूप में 17 सितंबर से 2 अक्टूबर तक 15 दिवसीय अलग-अलग कार्यक्रमों का आयोजन कर रही है। जिसके निमित्त सेवा पखवाड़ा कार्यशाला का आयोजन जिला भाजपा कार्यालय में जिला भाजपा अध्यक्ष सुरेंद्र कौशिक के अध्यक्षता में संपन्न हुई। आयोजित कार्यशाला में मुख्य वक्ता चुन्नीलाल साहू पूर्व सांसद महासमुंद उपस्थित रहे। उनके साथ सह वक्ता भाजपा प्रदेश मंत्री संध्या परघनिया, भाजपा जिला अध्यक्ष सुरेंद्र कौशिक ,विधायक ललित चंद्राकर, जितेंद्र साहू तेलघानी विकास बोर्ड के अध्यक्ष, महापौर अल्का बाघमार, जिला पंचायत उपाध्यक्ष पवन शर्मा भाजपा प्रदेश कार्य समिति सदस्य उषा टावरी, वरिष्ठ भाजपा नेता प्रीतपाल बेलचंदन, कुम्हारी नगर पालिका अध्यक्ष मीना वर्मा, अमलेश्वर नगर पालिका अध्यक्ष दयानंद सोनकर, धमधा नगर पंचायत अध्यक्ष श्वेता अग्रवाल, सेवा पखवाड़ा कार्यक्रम जिला संयोजक शिवेंद्र परिहार उपस्थित रहे।



#### मां भारती की सेवा के साथ जन सेवा भाजपा की प्राथमिकता

महासमुंद के पूर्व सांसद चुन्नी लाल साहू ने कहा कि हम सब के लिए अत्यंत हर्ष का विषय की देश के सर्वांगीण विकास एवं निरंतर ऊंचाइयों पर ले जाने वाले मां भारती के वैभव को परम शिखर की ओर ले जाने वाले प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का जन्म दिवस 17 सितंबर को है । प्रधानमंत्री मोदी अपने संबोधन में कहते हैं कि पार्टी विद डिफरेंट भारतीय जनता पार्टी अन्य पार्टियों से बिल्कुल अलग है। किसी भी कार्यक्रम की संपादन उस कार्य लगे हुए कार्यकर्ताओं के आपसी तालमेल संवाद के कारण ही सब प्रतिशत सफल हो सकता है मैं आप सभी से आग्रह करता हूं की सेवा पखवाड़ा में जो भी कार्य आप सभी को बताया गया है उसे आप पूर्ण करें पूर्व में भी आप सभी ने सारे कार्यक्रम संगठात्मक ढंग से और निर्धारित समय अवधि पर पूर्ण किए हैं।

#### सेवाभाव के कार्य करें कार्यकर्ता

भाजपा प्रदेश मंत्री संध्या परघनिया ने हुए कहा कि होडिंगस और फिजूल खर्च ना करें उसकी जगह सेवा भाव का कार्य आप सभी करें। सेवा पखवाड़े में विभिन्न कार्यक्रम का आयोजन किया जाना है जिसमें एक पेड़ मां के नाम उस कार्यक्रम में जितने भी लोग उपस्थित होंगे। सभी के सभी अपने हाथों से पेड़ अवश्य लगाएंगे और उसे बड़ा होते तक देखा करेंगे।

#### 17 मंडल से लेकर बूथ स्तर पर दायित्व

भाजपा जिला अध्यक्ष सुरेंद्र कौशिक ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी की सेवा पखवाड़ा की कार्यशाला संपन्न होने जा रही है सेवा पखवाड़ा पहली बार नहीं हो रहा है। 2025 का सेवा पखवाड़ा है 17 सितंबर से 2 अक्टूबर या कार्यक्रम चलेगा। जिले में 17 मंडल और 807 बुथ है कार्यक्रम की संपादन की दृष्टिकोण से मंडलवार कार्यशाला का आयोजन भी आप सभी को करना है उसके पश्चात कार्यक्रम बुथ स्तर तक संपादित हो उसके लिए शक्ति केंद्र के संयोजक एवं सहसंयोजक को उसका दायित्व उन्हे देना है ।

#### ये हुए शामिल

कार्यक्रम में जिला भाजपा उपाध्यक्ष राजेंद्र पाध्ये, दिलीप साहू, विनायक नातू, कांतिलाल जैन, मंत्री रोहित साहू, आशीष निमजे, दीपक चोपड़ा, मनोज सोनी अनूप सोनी दिनेश देवांगन राजा महोबिया जितेंद्र सिंह राजपूत रजनीश श्रीवास्तव विनय महोबिया वरिष्ठ भाजपा नेता अजय तिवारी दिव्या कलिहारी साजन जोसेफ चंद्रकांत मंडले मंडल भाजपा अध्यक्ष महिंद्रा लोढ़ा कमलेश फेकर मनमोहन शर्मा कमलेश साहू कमलेश चंद्राकर रानी बंछोर धर्मेंद्र सिन्हा आदि उपस्थित रहे।

**राज्य स्तरीय शालेय भारोत्तोलन फेंसिंग स्पर्धा का समापन**

# शरीरिक और, बौद्धिक विकास के लिए खेल श्रेष्ठ माध्यम है : गजेंद्र

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दुर्ग

25वीं शालेय राज्य भारोत्तोलन और फेंसिंग प्रतियोगिता का समापन समारोह स्वामी आत्मानंद सभा हाल परिसर पाटन जिला दुर्ग में मुख्य अतिथि स्कूल शिक्षा, ग्रामोद्योग, विधि एवं विधायी मंत्री गजेन्द्र यादव की मुख्य आतिथ्य में संपन्न हुआ।

■ पांच जोन के 435 बच्चे प्रतियोगिता में शामिल हुए

कार्यक्रम की अध्यक्षता दुर्ग ग्रामीण विधायक ललित चंद्राकर ने किया। इस अवसर पर प्रतिभागी बच्चों द्वारा आकर्षक सांस्कृतिक कार्यक्रम की प्रस्तुति दी गई।

स्कूल शिक्षा मंत्री यादव ने कहा कि खेल जीवन में बहुत जरूरी है। विशेषकर आज के दौर में तो बहुत



जरूरी है खेल स्पर्धा। हमारे शरीर के मानसिक, बौद्धिक विकास के लिए खेल श्रेष्ठ माध्यम है।

उन्होंने कहा कि देश के प्रधानमंत्री मोदी ने खेलो इंडिया अभियान चलाया है। खेल प्रतियोगिता होता है तो स्वाभाविक रूप से कंपीटिशन का भाव आता है और जीतने की ललक बनी रहती है। उन्होंने प्रतियोगिता के विजेता सहित प्रतिभागियों को प्रतियोगिता में शामिल होने के लिए बधाई एवं शुभकामनाएं दी। उन्होंने ने कहा कि एक चींटी से भी हमें प्रेरणा लेनी चाहिए जो कि अपने क्षमता से अधिक भार का वहन करती हैं। उन्होंने नारायणपुर जिले के मलखम खेल के संबंध में भी अवगत कराते हुए कहा कि दुर्ग जिला के कोच नारायणपुर जाएंगे और सीखकर आयेंगे जिससे कि हमारे यहां के बच्चे भी मलखम में नाम रोशन करें।

## खबर संक्षेप



### पितृपक्ष शुरू, तर्पण व श्राद्ध का सिलसिला जारी

**डौंडीलोहारा।** श्राद्ध पक्ष पितृ पक्ष के अवसर पर शिव प्रांगण मे आध्यात्मिक सतसंग मे रमन ने कहा पृथ्वी लोक में हमारा एक वर्ष होता है। तो पितृ लोक मे एक दिन होता है। हम प्रति वर्ष श्राद्ध के दिनों में जो यहां अपने पितरों को भोजन कराते है तो पितृ लोक में हमारे पितृ देव वहां प्रति दिन भोजन करते है, इसलिए हमें प्रति वर्ष श्राद्ध के दिनों में अपने पितरों को सात्विक भोजन कराकर तृप्त अवश्य करना चाहिए, संत महापुरुष तथा पुराणों के अनुसार जो लोग सात्विक विचार शुद्ध मन से श्राद्ध करते है। उनके घर में तो दिव्य आत्माएं जन्म लेती है, दशरथ श्राद्ध करते थे तो भगवान राम प्रगट हुए, रामजी दशरथ का श्राद्ध करते थे तो लव और कुश प्रगट हुए। पितरों को सात्विक श्राद्ध जरूर करना चाहिए।

### पितृपक्ष के अवसर पौधा रोपण किया गया



**लाटाबोड़।** छत्तीसगढ़ हरियाली समिति बेलौदी के सदस्यों द्वारा लगातार 6 वर्षो से पौधे रोपण करते आ रहे है। उसी क्रम मे इस वर्ष भी पितृपक्ष के अवसर पर वार्ड क्रमांक 3 हरियाली मैदान मे सोमवार को पौधा रोपण किया गया। हरियाली समिति के संयोजक कामता प्रसाद हिरवानी ने बताया कि खम्हार नीलगिरी, नीम,पीपल जामुन ,बरगद, सागौन ,चंदन, प्लेटफार्म, अमलतास ,कचनार आदि पौधे लगाए गए ग्राम विकास समिति, ग्राम पंचायत एवं समस्त ग्रामीणों के सहयोग से अब तक लगभग 300 पौधे हरियाली ग्राउंड में लगाए जा चुके है। इसके अलावा ग्राम चौक चौराहा गौठान गली मोहल्ले मिलाकर अब ग्राम मे लगभग 650 पौधे लगाए जा चुके है। इस अवसर पर अजय कुमार राघवेंद्र ,सुनील कुमार,कुलेश्वर, कुणाल,खूबलाल, खिलेश्वर,भेखलाल, केवल,हेमेंद्र कुमार,हीरालाल होमेश्वर, आशीष नीलम साहू रोहित साहू , शेखर साहू ,देवेंद्र कुमार, डेमन लाल, मेघराज सहित अन्य ग्रामीणों ने श्रमदान कर पौधे रोपण मे योगदान दिए।

### नवपदस्थ शिक्षकों का सरपंच ने जताया आभार

**कुसुमकसा।** शासकीय हाई स्कूल चिपरा के नवपदस्थ प्राचार्य बहादुर सिंह जंघेल एवं सुश्री इंदु उईके विज्ञान प्रयोगशाला सहायक और डोमेंद्र कुमार गजभिए सहायक ग्रेड 2 को नई जिम्मेदारी संभालने पर सरपंच यशराम राणा सहित पंचायत के प्रतिनिधियों ने बधाई दी। सरपंच ने कहा की नवपदस्थ प्राचार्य के कुशल प्रबंधन से शाला के शैक्षणिक उत्कृष्टता और नवाचार, अनुशासन से आपके कार्यकाल में संस्था नई ऊंचाइयों को छुएगी और छात्र-छात्राओं का उज्वल भविष्य बनेगा। स्वागत कार्यक्रम में उपसरपंच गिरधारी राम राणा, संदीप कुमार साहू, संतराम कोसमा, पंच कोमलेश्वरी भूआर्य ने सभी नवपदस्थ स्टाफ को बधाई दी।

**दिवस**

**शासकीय प्राथमिक शाला आमापारा संजारी में हुआ आयोजन**

# संजारी स्कूल में न्योताभोज कराकर मनाया शिक्षक दिवस





हरिभूमि न्यूज ▶▶| डौंडीलोहारा

शासकीय प्राथमिक शाला आमापारा संजारी में शिक्षक दिवस के अवसर पर व्याख्याता शिवेन्द्र बहादुर द्वारा न्योता भोज का आयोजन किया गया।

इस अवसर पर सर्व प्रथम शिक्षक दिवस का कार्यक्रम मनाया गया, जिसमें व्याख्याता शिवेन्द्र बहादुर, संकुल समन्वयक भागवत इंदौरिया व संस्था के प्रधानपाठक भुवन देवांगन तथा शिक्षक शशांक साहू ने कार्यक्रम में नन्हे मुन्ने बच्चों को संबोधित किया। उद्देश्य स्कूली बच्चों को पौष्टिक भोजन उपलब्ध कराना है। नेवता भोजन कार्यक्रम के तहत, समुदाय के सदस्य अपनी खुशी से बच्चों के लिए भोजन दान करते हैं, जिससे बच्चों को स्वादिष्ट और पौष्टिक भोजन मिल पाता है। यह कार्यक्रम न केवल बच्चों के पोषण स्तर को बढ़ाता है, बल्कि समुदाय के सदस्यों को एक साथ आने और एक नेक काम में योगदान करने का अवसर भी प्रदान करता है।

इस कार्यक्रम में स्कूल के शिक्षक, छात्र, और समुदाय के अन्य सदस्य भी शामिल होते हैं। कोई भी व्यक्ति या सामाजिक संगठन, जन्मदिन, वर्षगांठ या अन्य खास मौकों पर अपने पास के स्कूल, आश्रम या छात्रावास में जाकर बच्चों के लिए न्योता भोजन का कार्यक्रम कर सकता है। प्रधानपाठक भुवन देवांगन ने कार्यक्रम के अंत में आभार प्रदर्शन करते हुए संस्था के सतत विकास और बेहतर शिक्षा के लिए समर्पित संकुल संजारी के समस्त शिक्षकों की सराहना की। कार्यक्रम का सफल संचालन शिक्षक शशांक साहू ने किया। न्योता भोज के पश्चात समस्त छात्र छात्राओं को कापी, पेन, कंपास बाक्स व्याख्याता शिवेन्द्र बहादुर द्वारा प्रदान किया गया।



### पीएमश्री स्कूल में न्योता भोज कराया गया

**डौंडीलोहारा।** पीएम श्री शासकीय प्राथमिक शाला, सम्बलपुर में सोमवार को एक प्रेरणादायी आयोजन किया गया। छत्तीसगढ़ शासन की प्रधानमंत्री पोषण शक्ति योजना के अंतर्गत न्योता भोज का आयोजन पन्ना लाल शर्मा, कौशल शर्मा के द्वारा अपने माता स्व. कमला बाई शर्मा की पुण्यतिथि की पावन स्मृति में किया गया। बच्चों के पोषण स्तर में वृद्धि करना और उनमें समानता व भाईचारे की भावना जागृत करना है। शासन की इस अभिनव पहल के माध्यम से यह संदेश दिया जा रहा है कि प्रत्येक परिवार अपनी छोटी-बड़ी खुशियों को विद्यालय परिवार के साथ बांटे और बच्चों के पोषण व शिक्षा में सहभागिता निभाए। न्योता भोज में विद्यालय के लगभग 125 छात्र-छात्राओं को पूरी, सेव बूंदी, दाल, सब्जी पापड़ एवं चावल परोसा गया। बच्चों ने बड़े उत्साह के साथ भोजन का आनंद लिया और विद्यालय परिसर में हर्षोल्लास का वातावरण बना रहा। कार्यक्रम के दौरान संस्था प्रमुख वीणा ठाकुर ने विद्यालय परिवार की ओर से कौशल शर्मा का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि ऐसे आयोजनों से बच्चों को अतिरिक्त पोषण तो मिलता ही है, साथ ही उनमें सामाजिक सहयोग और एकजुटता की भावना भी विकसित होती है। इस अवसर पर प्रधानपाठक वीणा ठाकुर, शिक्षक अनिल दिल्लीवार, सुनीता साहू, बसंती पिकेश्वर, राबिन नागवंशी, शर्मा परिवार एवं ग्रामवासी उपस्थित रहे। सभी ने मिलकर दिवंगत कमला बाई शर्मा की पुण्य स्मृति को नमन करते हुए आयोजन को सफल बनाया।



### विनायकपुर स्कूल में शिक्षक दिवस मनाया गया

**अंडा।** शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय विनायकपुर मे बच्चों द्वारा शिक्षक दिवस का आयोजन किया गया, जिसमें बच्चों ने अपने शिक्षकों के प्रति सम्मान और प्रेम प्रकट किया। इस अवसर पर बच्चों ने विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया, जिनमें शिक्षकों की महत्ता और उनके योगदान को उजागर किया गया। बच्चों ने शिक्षकों के लिए सुंदर कार्ड और फूलों के गुलदस्ते तैयार किए। विभिन्न प्रस्तुतियों और नृत्य प्रदर्शनों एवं नारियल व पेन के माध्यम से शिक्षकों को सम्मानित किया गया।बच्चों ने अपने शिक्षकों के प्रति आभार प्रकट करते हुए भावपूर्ण भाषण दिए। शिक्षकों ने बच्चों के प्रयासों की सराहना की और उनके प्रति आभार प्रकट किया।उन्होंने कहा कि बच्चों का यह सम्मान और प्रेम उनके लिए अत्यंत महत्वपूर्ण है और उन्हें अपने कार्य में और अधिक प्रेरित करता है। इस आयोजन का उद्देश्य शिक्षकों के महत्व को उजागर करना और उनके योगदान को पहचानना था। साथ ही प्राचार्य मंजीत सिंह राजपूत, व्याख्याता भातेंद्र गंगराले,सरस्वती उमरे एवं प्राधन पाठक टिकेन्द्र चंद्राकर से बच्चों ने पूछा की आपको शिक्षक बनने के किये किसने प्रोत्साहित किया। इस कार्यक्रम मे शाला परिवार से रोहित देशमुख, देवश्री साहू, मालती साहू,पूर्णिमा कोशले,उषा ठाकुर,प्रेमलता योगी,गुलशन चंद्राकर,नरेश गायकवाड ,रामेश्वी रायते,भावना तिवारी, विजेता सूर्यवंशी, चमेली ठाकुर,दीपमाला चंद्राकर,अंजू साहू, खिलेन्द्र यादव, शाला समिति अध्यक्ष मोतीलाल मारकंडे,रीतु व शाला परिवार के समस्त विद्यार्थीगण उपस्थित थे।

### सम्मानित शिक्षक ने कराया न्योता भोज





**डौंडीलोहारा।** ग्राम जाटादाह निवासी प्राथमिक शाला अंडी के शिक्षक रविचंद सिन्हा हाल ही में मुख्यमंत्री शिक्षा गौरव अलंकरण के तहत शिक्षादूत सम्मान से अलंकृत हुए। इस उपलक्ष्य में उन्होंने अपने विद्यालय के बच्चों के लिए न्योता भोज का आयोजन किया। उन्होंने प्राथमिक शाला एवं माध्यमिक शाला अंडी के सभी बच्चों को केला वितरण किया और बच्चों को पौष्टिक भोजन के महत्व बताया। कार्यक्रम में पूर्व माध्यमिक शाला की प्रधान पाठिका महेश्वरी खरे, प्रीतिबाला सोनी एवं नीलू साहू, साथ ही प्राथमिक शाला की प्रधान पाठिका दुर्गा बरेकर एवं अरुणा चुरेंद्र उपस्थित रहीं। महेश्वरी खरे ने कहा शिक्षक रविचंद सिन्हा ने अपने कार्यों से शिक्षा जगत में उत्कृष्ट उदाहरण प्रस्तुत किया है। उनका यह प्रयास न केवल बच्चों को पोषण का महत्व सिखा रहा है। इस अवसर पर बच्चों के चेहरों पर अपार उत्साह और प्रसन्नता देखने को मिली।

### सिरसिदा स्कूल व लीना देवांगन को सम्मान



**अंडा।** शिक्षक दिवस के अवसर पर आमापारा बालोद के सभागार में आयोजित सम्मान कार्यक्रम में बालोद जिले में शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला सिरसिदा को उत्कृष्ट विद्यालय का सम्मान प्राप्त हुआ इसके लिए विद्यालय की प्रधान पाठक श्रीमती लीना देवांगन एवं समस्त स्टाफ महेंद्र कुमार साहू , हीरालाल साहू एवं राकेश कुमार साहू ने शाला का सम्मान माननीय जिलाधीश महोदय दिव्या उमेश मिश्रा के कर कमरों से प्राप्त किया उनके विद्यालय को प्राप्त इस सम्मान के लिए सभा में उपस्थित जिलाधीश महोदय, जिला पंचायत बालोद मुख्य कार्यपालन अधिकारी श्री चंद्रवंशी सर, साहू सर जिला शिक्षा अधिकारी, बालोद एवं उपस्थित पांचो विकास खंड शिक्षा अधिकारी, गुंडरदेही एवं संजारी बालोद विधानसभा क्षेत्र के विधायक महोदय ने संयुक्त रूप से विद्यालय की प्रधान पाठक को हर्ष व्यक्त किया।

### नोम साहू को मिला शिक्षक सृजन गौरव अलंकरण



**डौंडीलोहारा।** आनंद पब्लिक स्कूल की प्रधान पाठक नोम साहू को शिक्षक सृजन गौरव अलंकरण से नवाजा गया। 7 सितंबर को बालोद के कला उत्सव हॉल में आयोजित शिक्षक सृजन गौरव अलंकरण सम्मान समारोह कार्यक्रम में मुख्य अतिथि यशवंत जैन अध्यक्ष राकेश यादव विशेष अतिथि प्रतिभा चौधरी, अरुण साहू के कर कमलों द्वारा प्राप्त हुआ। यह पुरस्कार कर्तव्य निष्ठा एवं रचनात्मक कार्य के लिए दिया गया। इस पुरस्कार के लिए शाला परिवार ने नोम साहू को बधाई प्रेषित किया।

### लक्ष्मी गंजीर मुख्यमंत्री शिक्षा गौरव अलंकरण शिक्षा दूत से अलंकृत





**डौंडीलोहारा।** स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ठ अंग्रेजी माध्यम स्कूल आमापारा बालोद में 5 सितंबर को शिक्षक दिवस पर लक्ष्मी गंजीर प्राथमिक विद्यालय भरका पारा देवरी को मुख्यमंत्री शिक्षा गौरव अलंकरण शिक्षा दूत से अलंकृत किया गया। प्रशस्ति पत्र, शाल और प्रतीक चिन्ह देकर सम्मानित किया गया। लक्ष्मी गंजीर का शिक्षा में विशेष योगदान रहा है। संगीत के माध्यम से सरलता से सिखाने और नवाचार खेल खेल में शिक्षा से संबंधित गतिविधियां कामयाब रही। 7 सितंबर को एनटीसीएफ में भी प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। शिक्षक दिवस कार्यक्रम में जिला शिक्षा अधिकारी, जिलाधीश दिव्या उमेश मिश्रा, संजारी बालोद विधायक संगीता सिन्हा, गुण्डरदेही विधायक कुंवर सिंह निषाद, राकेश यादव भूतपूर्व नगर पालिका अध्यक्ष बालोद, तारिणी चंद्राकर जिला पंचायत अध्यक्ष बालोद, गुण्डरदेही विकासखंड शिक्षा अधिकारी नवीन कुमार यादव, डौंडीलोहारा विकासखंड शिक्षा अधिकारी हिमांशु मिश्रा ने बधाई दी।

## गोंड़वाना समाज ने मनाया नवाखाई ठाकुर जोहारनी पर्व



**डौंडी।** ब्लॉक के आदिवासी बहुल क्षेत्र आमाडूला में गोंडवाना समाज सर्कल द्वारा नवाखाई ठाकुर जोहारनी पर्व धूमधाम से मनाया गया। इस उत्सव में प्रकृति और पूर्वजों के प्रति सम्मान व्यक्त किया गया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि जनपद सदस्य तुलेश्वर हिचामी ने इस पर्व के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा, ठाकुर जोहारनी प्रत्येक 'पांडुम' (उत्सव) प्रकृति परिवर्तन के आधार पर फसलों के उत्सव के रूप में मनाया जाता है।

नई फसल को ग्रहण करने से पहले, उसे अपने 'पेन पुरखों' कुल देवता और पूर्वजों को अर्पित कर प्रकृति के प्रति आभार व्यक्त किया जाता है। हिचामी ने बताया कि इस उत्सव में नार गायता और पेन पुजारी गांव के प्रमुख होते हैं। विशेष रूप से बार बिरादरी के भाई-बंधुओं को गांव में बसाने में इनकी महत्वपूर्ण भूमिका होती है, इसलिए महिलाएं और पुरुष मिलकर 'पीला चावल' और फूलों से उनका स्वागत और सम्मान करते हैं। उनके नेतृत्व में ही प्रार्थनाएं सेवा अर्जी की जाती हैं और प्राकृतिक शक्तियों का धन्यवाद किया जाता है।

कार्यक्रम में जनपद अध्यक्ष मुकेश कौड़ों, बीरेंद्र मांडवी, जनपद सदस्य तुलेश्वर हिचामी, सरपंच कमलेश दुग्गा, सरपंच सुमन लता उसेंडी, उपसरपंच रोहित तारम, धर्मेंद्र मांडवी, सर्कल उपाध्यक्ष शिवनाथ उसेंडी, सचिव विश्राम कोमरा, कोषाध्यक्ष सुरजू राम गावड़े और तिहारु राम नेताम शामिल थे।

## गुंडरदेही में डे नाइट कबड्डी प्रतियोगिता का आयोजन किया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद/कलंगपुर



नवयुवक कबड्डी ग्रुप कजराबांधा ब्लॉक गुंडरदेही में एकदिवसीय डे नाईट कबड्डी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। आयोजन के समापन सत्र सह पुरस्कार वितरण समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में पूर्व जिला पंचायत सदस्य पुष्पेंद्र चंद्राकर पहुँचे। साथ ही कार्यक्रम में सरपंच सोमलाल साहू, पूर्व सरपंच डॉ.हरिनाथ साहू, उपसरपंच पुष्पेंद्र साहू, भेनूराम साहू, योगेश्वर सेन, सोनू चंद्राकर, वागिश बघेल भी शामिल हुए।

प्रतियोगिता का पहला पुरस्कार 5555 रूपये एवं शील्ड, द्वितीय पुरस्कार 4444 रूपये, तृतीय पुरस्कार 3333 रूपये तथा चतुर्थ पुरस्कार 2222 रूपये निर्धारित था। मुख्य अतिथि पुष्पेंद्र चंद्राकर ने कहा कि कबड्डी का खेल हमारी प्राचीन धरोहर है, इस खेल को भारत ने संपूर्ण विश्व को दिया है। कबड्डी को हमारी मिट्टी का खेल कहा जाता है, क्योंकि यह भारत की अपना स्वदेशी खेल है, जो खिलाड़ियों को शारीरिक रूप से ज़मीन से जोड़ती है और उन्हें मिट्टी में खेलने का अनुभव प्रदान करती है, जिससे उन्हें अपनी जड़ों से जुड़ाव महसूस होता है। यह खेल सभी खिलाड़ियों में सहनशक्ति, टीम वर्क और ज़मीन से जुड़ाव की भावना को भी मजबूत करता है। इस दौरान पंचूराम साहू, बलदाऊ कोटवार, नंदछोर साहू, गोपाल साहू, चोवा कलिहारी, डोमनलाल साहू, संतराम साहू, बिसेसर साहू, टेकराम पटेल, पेमन साहू, आयोजन समिति के देवेंद्र साहू, नीतीश साहू, दुर्गेश दुष्यंत, हिरेन्द्र, चेमन, युवराज, सागर, ज्ञानेश्वर साहू, राहुल साहू सहित खेलप्रेमी ग्रामीण उपस्थित थे।

## नवप्रवेशी प्रशिक्षणार्थियों के लिए इंडक्शन प्रोग्राम का आयोजन हुआ



हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंडा

शैलदेवी आई.टी.आई. अंडा दुर्ग में नए शैक्षणिक सत्र के शुभारंभ के अवसर पर प्रशिक्षणार्थियों हेतु इंडक्शन प्रोग्राम का आयोजन किया गया। इस इंडक्शन प्रोग्राम में इलेक्ट्रीशियन, फिटर, सोलर तकनीशियन, कोपा एवं स्टेनो (हिंदी) के प्रशिक्षणार्थियों ने भाग लिया। इस कार्यक्रम का उद्देश्य प्रशिक्षणार्थियों को आई.टी.आई. से परिचय कराने तथा उनके पाठ्यक्रम के अनुरूप होने वाले विभिन्न क्रियाकलापों के बारे में उनके संपूर्ण व्यक्तित्व के विकास के लिए अवगत कराया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि शैलदेवी एजुकेशन सोसायटी के अध्यक्ष राजन कुमार दुबे ने अपने संबोधन में प्रशिक्षुओं को संस्था के सुविधाओं, औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान के लक्ष्यों एवं कौशल विकास संबंधी विषयों पर सारगर्भित विचार प्रकट किए। दुबे ने कौशल विकास के साथ-साथ जीवन में अनुशासन के महत्व पर विशेष जोर दिए। संस्था के प्राचार्य विवेक कुमार ने संस्था का परिचय कराते हुए प्रशिक्षुओं को सभी संसाधनों एवं संस्था में किए जाने वाले विभिन्न गतिविधियों से अवगत कराया। सभी प्रशिक्षण अधिकारियों ने अपने ट्रेड से संबंधित विस्तृत जानकारियों एवं ट्रेड से संबंधित करियर के बारे में विस्तारपूर्वक बताया।







